



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 357 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 9 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# दोनों चरणों का मतदान प्रभावित करेगा त्यौहारी सीजन, 7 और 17 को वोटिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की जिन 2 तारीखों में चुनाव कराने का ऐलान निर्वाचन आयोग ने किया है, उससे मतदान का प्रतिशत व्यापक रूप से प्रभावित होने की संभावना है। दरअसल, 12 नवम्बर को दीपावली का त्यौहार है। यह देश का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। इस दौरान अरबों रूपयों का व्यापार होता है। इसी व्यापार के जरिए व्यापारी सालभर की भरपाई करते हैं। इसके अलावा त्यौहार के बाद छाई मंदी के चलते लोग घूमने के लिए दीगर क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में जाते हैं। राज्य में दो चरणों में चुनाव का ऐलान किया गया है। इसमें पहले चरण में 7 नवम्बर और दूसरे चरण में 17 नवम्बर को मतदान होना हैं। मतदान के लिहाज से पहला चरण किसी भी मायने में उपयोगी नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह वह वक्त है, जबकि आम आदमी से लेकर व्यापारी तक सभी खरीदी-बिक्री में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में लोग त्यौहारी खुमारी का त्याग कर मतदान करने के लिए घर से निकलेंगे, इस पर संदेह करना वाजिब है। वहीं दूसरे चरण का मतदान 17 नवम्बर को होना है। 12 तारीख को लक्ष्मी पूजा के बाद 13 नवम्बर को गोवर्धन पूजा होती है, जिसे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वहीं इसके अगले दिन 14 नवम्बर को भाईदूत का त्यौहार है। इसकेबाद 19 नवम्बर को छठ का पर्व है। ऐसे में इस अहम् त्यौहारी माहौल में मतदान होना काफी हद तक इस संभावना की ओर ले जाता है कि लोगों में वोटिंग के प्रति उत्साह कम होगा। इससे वोटिंग का प्रतिशत बहुत ज्यादा प्रभावित होने की संभावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता।




छत्तीसगढ़ समेत 5 राज्यों में होने वाले चुनावों की तारीखों का आज निर्वाचन आयोग ने ऐलान किया। आयोग ने चुनाव तारीख की घोषणा करने से पहले प्रदेश में वोटरों की संख्या के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में कुल वोटर की संख्या 2 करोड़ से अधिक है। यहां 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है। इनके लिए 24 हजार से अधिक पोलिंग बूथ बनाए गए है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदाता अपना नाम नाम 30 नवंबर तक जुड़वा सकते है। आयोग ने बताया कि 3 जनवरी 2024 को सरकार का कार्यकाल खत्म होगा। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव होगें। परिणामों की घोषणा 3 दिसंबर को की जाएगी। चुनाव तारीख की घोषणा करने से छत्तीसगढ़ चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने के लिए निर्वाचन आयोग ने 24 हजार से अधिक पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके माध्यम से 90 विधानसभा सीटों पर वोट डाल सकेंगे।

### बाकी राज्यों में ऐसी है स्थिति

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 17 नवंबर को होगा। इसी दिन छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण की वोटिंग होनी है। वहीं, राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 23 नवंबर को होगा। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 30 नवंबर को होगा। मिजोरम में विधानसभा चुनाव 7 नवंबर को होगा। इसी दिन छत्तीसगढ़ में पहले चरण का मतदान होना है। सभी राज्यों में मतगणना एक ही दिन 3 दिसंबर को होगी। चुनाव तारीखों का ऐलान होने के साथ ही आज से आदर्श आचरण संहिता भी प्रभावी हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इन राज्यों में कुल 16.14 करोड़ मतदाता हैं। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगे। इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे।

### प्रदेश में बढ़ा महिलाओं का रेशो

निर्वाचन आयोग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में महिलाओं का कोटा बढ़ा है। प्रदेश में महिला की संख्या प्रदेश में पुरुषों के मुकाबले 1012 हो गई है। पिछले चुनाव के अनुसार इनकी संख्या 995 थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में 17 अक्टूबर से लेकर 30 नवंबर 2023 तक मतदाता अपना नाम जोड़ और हटा सकते है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि जो मतदाता पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंच पा रहे है। या फिर जिनके घर पोलिंग बूथ से काफी दूर है। उनके लिए स्पेशल पोलिंग बूथ स्टेशन बनाए जा गए है। इसके साथ ही चुनाव को ध्यान में रखते हुए कई चेक पोस्ट बनाई गई है। ताकि किसी तरह की अशांति प्रिय घटना को रोका जा सके।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 का कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| विधानसभा चुनाव की अधिसूचना | 13 अक्टूबर (पहला चरण) | नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन | 30 अक्टूबर 2023 (दूसरा चरण) |
| नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन | 20 अक्टूबर 2023 (पहला चरण) | नामांकन वापसी का अंतिम दिन | 2 नवंबर 2023 (दूसरा चरण) |
| नामांकन वापसी का अंतिम दिन | 23 अक्टूबर 2023 (पहला चरण) | मतदान की तारीख | 17 नवंबर 2023 (दूसरा चरण) |
| मतदान की तारीख | 07 नवंबर 2023 (पहला चरण) | | |

**दोनों चरणों के नतीजे 3 दिसंबर 2023**

# इलेक्शन कमेटी आज बैठेगी प्रत्याशियों का ऐलान कभी भी

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क



**भिलाई।** कांग्रेस की लम्बे समय से चल रही प्रत्याशी चयन की कवायद अब अंतिम पड़ाव में पहुंच गई है। रायपुर में कई दौर की बैठकों के बाद आज दिल्ली में केन्द्रीय चुनाव कमेटी की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम रूप से मुहर लगाई जाएगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए पीसीसी चीफ दीपक बैज, सीएम भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टीएस सिंह समेत कई अन्य कल ही दिल्ली रवाना हुए थे।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने आज केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) बैठक करेगी। स्क्रीनिंग कमेटी की कई दौर की बैठकें रायपुर में होने के बाद यह दिल्ली में होगी। उल्लेखनीय है कि 4 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 16 सदस्यीय सीईसी का गठन किया था, जिसमें सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी सदस्य थे। अंबिका सोनी, मधुसूदन मिस्त्री, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद, एन. उत्तम कुमार रेड्डी, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, केजे जियोग्रे, प्रीतम सिंह, मोहम्मद जावेद, अमी याजनिक, पीएल पुनिया, ओंकार मरकाम और केसी वेणुगोपाल भी सीईसी के सदस्य हैं। कांग्रेस छत्तीसगढ़ में जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं। तीनों नेता पहले ही चुनावी राज्य में सार्वजनिक बैठकों को संबोधित कर चुके हैं। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने आदिवासी बहुल राज्य में कई जन-समर्थक योजनाएं शुरू की हैं, और पार्टी को लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि रविवार को स्टेट इलेक्शन कमेटी की अहम् बैठक रायपुर में हुई थी। करीब 5 घंटे तक चली इस बैठक में अंतिम रूप से सभी 90 सीटों पर चर्चा कर अंतिम सूची तैयार की गई। इसी सूची को लेकर सीएम भूपेश बघेल दिल्ली रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने कहा कि पार्टी के पास कई माध्यमों से नाम आए थे। इनमें ब्लॉक के जरिए आने वाले नामों के साथ ही सर्वे के नाम और सीनियर नेताओं की अनुशंसा से आने वाले नामों पर भी चर्चा हुई। इन सभी नामों को सूचीबद्ध तक 90 सीटों के प्रत्याशियों के नाम तय किए गए, जिस पर अब सेंट्रल इलेक्शन कमेटी मुहर लगाएगी। लेकिन इससे पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। क्योंकि निर्वाचन आयोग की बैठक में चुनाव तारीखों का ऐलान कर दिया गया है, इसलिए संभावना है कि अब प्रत्याशियों के नामों का ऐलान करने में राजनीतिक दलों में तेजी आएगी। संभावना है कि आज या कल कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी हो सकती है।

### 2 हजार से ज्यादा आवेदन आए

कांग्रेस प्रत्याशियों के नामों का ऐलान होने में देरी की एक वजह यह भी रही कि राज्य की 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2 हजार से ज्यादा लोगों ने टिकट की मांग की थी। इन नामों की छँटनी की गई तो बाकी बचे नामों से दिल्ली की सर्वे सूची में शामिल नामों में एकरूपता नहीं पाई गई। ऐसे में स्क्रीनिंग कमेटी को प्रत्याशियों के नामों पर नए सिरे से विचार करना पड़ा। अंत में कुल 300 नामों के पैनल अलग-अलग क्षेत्रों से बनाए गए। इसके बाद अगली कड़ी में सिंगल नाम तय करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। हफ्तेभर पहले तक 40 सिंगल नाम तय किए गए। जो सूची फिलहाल सीएम भूपेश दिल्ली लेकर गए हैं, उसमें करीब 65 सिंगल नाम शामिल हैं।




## संपादकीय

### पदकों का शतक

एशियाई खेलों में भारत ने अनुमान से कहीं अधिक पदक जीतकर सुखद इतिहास रच दिया है। चीन के हांगझोउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में भारत ने कुल 107 पदक जीतकर जो कमाल किया है, उसका असर देश की तमाम गलियों तक पहुंचेगा। पहले 4 अक्टूबर को भारत ने अधिकतम 70 पदक जीतने के रिकॉर्ड को तोड़ा और उसके बाद 7 अक्टूबर को 107 पदकों के साथ समापन किया। मतलब लगभग पांच वर्ष के समय में भारत की झोली में 37 पदकों का इजाफा स्वयं स्वर्णिम कहानी बयान कर रहा है। वाकई 7 अक्टूबर, 2023 भारतीय खेल के इतिहास में हमेशा यादगार रहेगा। पदक तालिका से हजारों भावी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिल रही होगी। यह महज दूसरी बार है, जब भारत ने ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में से किसी में 100 से अधिक पदक जीते हैं। साल 2010 में नई दिल्ली में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 101 पदक जीते थे और इस बार एशियाड में फिर 100 पदकों का आंकड़ा पार करने के इरादे से ही भारतीय दल रवाना हुआ था। खिलाड़ियों ने दिए गए लक्ष्यों को पूरा किया है, तो खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और प्रायोजकों का मनोबल खूब बढ़ा होगा। ऐसे मनोबल के साथ हम अगले एशियाड में 200 पदकों की ऊंचाई छूने का अभियान छेड़ सकते हैं। हमने एक लंबा सफर तय किया है और हमें अपनी क्षमता के अनुरूप बहुत लंबा सफर तय करना है। हमें अपनी क्षमता को समझना होगा और उसे तेजी से निखारने पर काम करना होगा। गौर करने की बात है कि भारत ने सबसे ज्यादा रिकॉर्ड 29 पदक एथलेटिक्स में जीते हैं और निशानेबाजी में 22 पदक। क्या इन दो खेलों में भारत एक शक्ति के रूप में उभर रहा है? इसमें कोई शक नहीं कि कबड्डी, क्रिकेट, हॉकी में भारत हमेशा से मजबूत रहा है, लेकिन इधर, तमाम तरह के नए और देश में कम लोकप्रिय खेलों में भी ऐसे-ऐसे माहिर खिलाड़ी गांव-देहात से निकलकर विश्व पटल पर आ रहे हैं कि आश्चर्य होता है। पदक में भागीदार रहे तमाम खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों, खेल प्रबंधकों, सहायकों और प्रायोजकों की जितनी तारीफकी जाए, कम है। समय आ गया है कि एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर खिलाड़ी तेजी से आगे बढ़ें। उन खेलों पर ध्यान देना होगा, जहां हम सुविधाओं के बावजूद पदक नहीं ला पाए हैं। ऐसा प्रभावशाली प्रदर्शन अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए एक नींव के रूप में काम करेगा। अब एशियाड के 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य से आगे की सोचने की जरूरत है। ऊंचे से ऊंचा लक्ष्य रखने वाले खिलाड़ी ही नई ऊंचाइयों को छू पाते हैं। खिलाड़ियों को ज्यादा महत्व देने की जरूरत है। खेल सुविधाओं का विकास हमारे खिलाड़ियों के अनुरूप ही होना चाहिए। किसी अच्छे प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। चीन ने इस एशियाड में 201 स्वर्ण जीते हैं, तो जापान 188 और दक्षिण कोरिया 190 पदकों के साथ लौटा है। एक दिन आएगा, जब भारत भी ऐसी ही ऊंचाई पर पहुंचेगा। बदलाव का बिगुल बज चुका है और भारतीय खिलाड़ियों की मानसिकता भी बदल गई है। भारतीय अब केवल भाग लेने के इरादे से नहीं खेलते हैं, अब वह एक-एक अंक के लिए जूझते हैं। खेलों की दुनिया में भी अपनी बात मजबूती से रखने वाले खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल है। कबड्डी का फाइनल मुकाबला एक बेहतरीन गवाह है, भारतीय खिलाड़ी अगर दृढ़ नहीं रहते, तो स्वर्ण हाथ से फिसल जाता।

" उन खेलों पर ध्यान देना होगा, जहां हम सुविधाओं के बावजूद पदक नहीं ला पाए हैं। ऐसा प्रभावशाली प्रदर्शन अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए एक नींव के रूप में काम करेगा। अब एशियाड के 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य से आगे की सोचने की जरूरत है। ऊंचे से ऊंचा लक्ष्य रखने वाले खिलाड़ी ही नई ऊंचाइयों को छू पाते हैं।

## साख का क्या होगा?

इस हफ्ते मंगलवार को न्यूजक्लिक वेबसाइट और उससे जुड़े कर्मचारी सरकार के निशाने पर आए। अगले दिन आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने ना सिर्फ छापा मारा, बल्कि कथित शराब घोटाले में उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया। और गुरुवार सुबह-सुबह यह खबर आई कि आय कर विभाग तमिलनाडु में स्थित डीएमके सांसद एस जगतरक्षण के 40 से ज्यादा ठिकानों पर दबिश दे दी है। वैसे तो ऐसी कार्रवाइयों का अब लंबा सिलसिला बन चुका है, लेकिन हाल में इनमें काफी तेजी आई दिख रही है। इस तेजी के पीछे कारण या मंशा चाहे जो हो, लेकिन यह तो रोज अधिक साफ होता जा रहा है कि ऐसी कार्रवाइयां देश के एक बड़े जनमत में उतनी ही तेजी से अपनी साख गंवाती जा रही हैं। मुमकिन है कि सरकारी एजेंसियां जो इल्जाम लगा रही हैं, उनमें दम हो। लेकिन यह निर्विवाद है कि इन एजेंसियों को ऐसे इल्जाम सिर्फ विपक्षी नेताओं या सरकार से असहमत मीडिया और गैर-सरकारी संगठनों के मामले में ही नजर आते हैँ।

यह धारणा मजबूत होती चली गई है कि जिन पर आरोप लगे हों, अगर वे सत्ताधारी पार्टी में चले जाएं, तो फिर कार्रवाइयां भी उसी मुकाम पर ठहर जाती हैं। फिलहाल, सरकार को ऐसी धारणाओं की परवाह नहीं है। लेकिन यह धारणा जांच एजेंसियों की साख को क्षीण करती जा रही है। विपक्ष की तरफ से उनके सरकार का राजनीतिक हथियार होने की बात अब खुल कर कही जाती है और इस पर यकीन करने वाले लोगों की संख्या बढ़ती चली गई है। संजय सिंह की गिरफ्तारी से ऐसी धारणा और मजबूत होगी। संजय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने व्यापारी दिनेश अरोड़ा को मनीष सिसोदिया से मिलवाया था। अरोड़ा और सिसोदिया इस मामले में अभियुक्त हैं, लेकिन अरोड़ा अब सरकारी गवाह बन चुका है। अब तक जो तथ्य सार्वजनिक हुए हैं, उनसे शराब घोटाले में संजय सिंह की प्रत्यक्ष भूमिका के कोई संकेत नहीं हैँ। क्या ऐसे आरोपी की गिरफ्तारी एक सामान्य प्रक्रिया समझी जाएगी? सामान्य दिनों में ऐसा नहीं होता था। लेकिन अभी हम सामान्य समय में नहीं जी रहे हैं।

## विपक्षी गठबंधन ठंडा क्यों पड़ गया?

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सन्नाटा है। कमाल की चुप्पी है। किसी को पता नहीं है कि क्या हो रहा है। जून के बाद से अचानक जो तेजी आई थी और हर महीने बैठकों का दौर शुरू हुआ था वह शांत हो गया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से कोई साझा कार्यक्रम नहीं हुआ है। आखिरी बार विपक्षी नेता 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में मिल थे। उसके बाद से कोई मीटिंग नहीं हुई है। कहा गया था कि विपक्ष की अगली मीटिंग दिल्ली में होगी लेकिन कब होगी यह तय नहीं हुआ।

विपक्षी गठबंधन की समन्वय समिति की पहली बैठक में यह तय हुआ था कि विपक्ष की पहली साझा रैली भोपाल में होगी। लेकिन कांग्रेस ने और उसमें भी मध्य प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने एकतरफा तरीके से रैली रद्द कर दी। उसके बाद 'इंडिया' के सूत्रों के हवाले से खबर आई कि विपक्ष की पहली साझा रैली नागपुर में होगी। लेकिन उस दिशा में भी कोई प्रगति नहीं हुई है। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन के नेताओं की भी कोई बैठक नहीं हुई है। उनके पहले से साझा रैलियां हो रही थीं लेकिन हैरानी की बात है कि वह भी स्थगित हो गई है। एनसीपी में टूट के बाद महा विकास अघाड़ी की भी कोई रैली नहीं हुई है। मुंबई की बैठक में जो समन्वय समिति बनी थी उसमें सीपीएम ने अपना कोई नेता शामिल करने से इनकार कर दिया है। इस समन्वय समिति की पहली बैठक 13 सितंबर को दिल्ली में शरद पवार के घर पर हुई थी। उसमें कोई खास फैसला तो नहीं हुआ लेकिन बताया गया था कि उस समय सीटों के बंटवारे के बारे में कुछ बातचीत हुई थी।

**" अरब दुनिया में बड़े क्षेत्र को अगर हम देखें, तो ईरान एक बड़ी ताकत होने का दावा पेश करता है। वह शुरू से ही हमास का समर्थक है, तो जाहिर है, हम ईरान और इजरायल के बीच लंबे समय से तनाव देखते आए हैं। कतर एक छोटा देश है, मगर उसके पास पेट्रोलियम की वजह से बहुत पैसा है। सऊदी अरब की बात करें, तो वह मानता है कि फलस्तीनियों को लड़ने का अधिकार है, पर वह अंदर से हमास को नहीं चाहता है।**

# इजरायल-फिलिस्तीन फिर लहूलुहान

अश्विनी महापात्रा, प्रोफेसर, जेएनयू

सबकी निगाह फिर पश्चिम एशिया की ओर उठ गई है, जहां बाकायदे जंग छिड़ गई है, सैकड़ों मासूम मारे गए हैं। वैसे आतंकी संगठन हमास ने इजरायल पर कोई अचानक हमला नहीं किया है, छह महीने पहले भी उसने हमला किया था और इजरायल की ओर से जवाबी कार्रवाई भी बहुत दिनों तक चली थी।

आज यह भी गौर करने की बात है कि फिलिस्तीन दो भागों में बंट गया है। वेस्ट बैंक में जहां पीएलओ, यानी फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन की सरकार है, तो गाजा पट्टी पर हमास का कब्जा है। हमास 1980 के दशक में पैदा हुआ कट्टरपंथी इस्लामिक मूवमेंट है। यह इस क्षेत्र में किसी भी तरह से इजरायल या उसके कब्जे को मंजूर नहीं करता है। जबसे फिलिस्तीन में अलगाव हुआ, उसके बाद से ही हमास का यह मकसद रहा है कि वह इजरायल के कब्जे वाले इलाकों को बलपूर्वक वापस ले ले। यह पहलू भी सब जानते हैं कि हमास एक घोषित अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन है। उसके साथ किसी भी देश का सीधे रिश्ता नहीं है, मगर परोक्ष रूप से उसे समर्थन मिलता रहा है। खासकर ईरान समर्थन करता है, कतर भी धन देता है, इसलिए हमास के पास हथियार आ जाते हैं। अभी हमास ने जो हमला किया है, इसमें कोई शक नहीं कि यह हमला उसने पूरी तैयारी से किया है, ताकि पश्चिम एशिया में इजरायल के जमे पैरों को उखाड़ा जा सके।



यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वेस्ट बैंक फिलिस्तीन में शासन कर रहा पीएलओ सेकुलर है, जिसके नेता याशर अराफात हुआ करते थे। हमास सांप्रदायिक रूप बहुत कट्टर संगठन है। अब हमास के पास मिसाइल भी है, जिससे वह इजरायल पर हमले करता है। उसने बहुत योजना के साथ दक्षिणी इजरायल क्षेत्र से घुसपैठ की है, जल, हवा और जमीन, तीनों ही स्तरों पर हमास ने हमला बोला है। ऐसा नहीं है कि हमास इजरायल के किसी क्षेत्र पर कब्जा कर लेगा। पर वह शायद यह संदेश देना चाहता है कि उसके इलाके पर जो कब्जा करेगा, उसके खिलाफ वह लड़ेगा। हमास दुनिया को दिखाना चाहता है कि उसके पास इतनी ताकत है कि वह शक्तिशाली इजरायल में भी घुसपैठ कर सकता है। यह एक तरह से इजरायल की शान पर हमला है। हमास फिलिस्तीन के खैरख्वाह देशों को यह भी दिखाने की कोशिश में है कि पीएलओ कुछ नहीं कर रहा, केवल वही फिलिस्तीनियों के लिए लड़ रहा है।

अरब दुनिया में बड़े क्षेत्र को अगर हम देखें, तो ईरान एक बड़ी ताकत होने का दावा पेश करता है। वह शुरू से ही हमास का समर्थक है, तो जाहिर है, हम ईरान और इजरायल के बीच लंबे समय से तनाव देखते आए हैं। कतर एक छोटा देश है, मगर उसके पास पेट्रोलियम की वजह से बहुत पैसा है। सऊदी अरब की बात करें, तो वह मानता है कि फिलिस्तीनियों को लड़ने का अधिकार है, पर वह अंदर से हमास को नहीं चाहता है। मिस्र भी उसे नहीं चाहता, क्योंकि हमास इस्लामिक ब्रदरहुड से जुड़ा है। ऐसे में, वह हमेशा यही जताने की फिराक में लगा रहता कि ह अकेला संगठन है, जो फिलिस्तीनियों की आवाज उठाता है।

हमास और इजरायल के बीच लड़ाई पुरानी है, पर यह पहली बार ऐसा हुआ है कि हमास ने इजरायल के अंदर घुसकर ऐसी कार्रवाई की है। घुसकर इजरायलियों को मारा है, उन्हें बंधक बनाया है। इजरायल के लिए यह बहुत बड़ा बदलाव है, इसलिए उसने बिना देरी किए युद्ध की घोषणा कर दी है। फिर भी ऐसा लगता है कि कुछ दिनों तक युद्ध चलेगा और फिर समझौते के लिए प्रयास होंगे। दोनों पक्षों पर दबाव बनेगा।

बहरहाल, दुनिया पर इसका असर तय है। पश्चिमी देश इजरायल के साथ खड़े होंगे और अमेरिका तो उसकी मदद करेगा ही। भारत भी इजरायल के साथ है। भारत खुद लंबे समय से आतंकी संगठनों से जूझ रहा है। इजरायल नैतिक, कूटनीतिक और राजनीतिक रूप से भारत की हमेशा मदद करता रहा है, वहीं हमास को नई दिल्ली ने आतंकी संगठन के रूप में ही देखा है। हमास के पक्ष में हम कभी खड़े नहीं हो सकते। हां, केंद्र में कोई दूसरी सरकार होती, तो शायद वह तटस्थ रुख अपनाती। चूंकि यह सरकार अनेक आतंकी संगठनों से आगे बढ़कर लड़ रही है, सीमापार जाकर भी कार्रवाई की है, तो इजरायल का समर्थन करना स्वाभाविक है। वैसे भी समग्रता में यह हमारा कर्तव्य है कि इस मौके पर हम इजराइल के साथ खड़े हों।

आज चिंता बड़ी है, पर युद्ध का क्षेत्र छोटा है। आकार में अगर देखें, तो इजरायल या फिलिस्तीन का क्षेत्र बड़ा नहीं है। पश्चिम एशिया में छोटे-छोटे देश हैं, जिनके बीच भयानक खूनी संघर्ष चलता रहा है। इजरायल ने गाजा क्षेत्र से अपना कब्जा हटा लिया था, क्योंकि गाजा को नियंत्रित करना कठिन है, वहां घनी आबादी है, पिछड़ापन है। अब जब गाजा पर कब्जा किए बैठे हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ गया है, तब सबसे ज्यादा चर्चा इसी बात की हो रही है कि इजरायल का खुफिया तंत्र इतना कमजोर कैसे पड़ गया? हमास ने यह तो दिखा ही दिया कि वह जब भी चाहे, इजरायल पर हमले कर सकता है। यह इजरायल में असुरक्षा का भाव पैदा करने की साजिश है। अभी तक वह दुश्मनों या प्रतिकूल देशों से घिरे होने के बावजूद खुद को बहुत सुरक्षित समझ रहा था, मगर हमास ने हमला करके बता दिया कि अगर गाजा सुकून से नहीं है, तो इजरायल भी चैन से नहीं रह सकता। शायद इजरायल की तरक्की भी चुभ रही है। हमने देखा है कि पिछले दिनों में सऊदी अरब ने भी इजरायल से संबंध बनाने की रुचि दिखाई है। हमास यह नहीं चाहता, इसलिए अगर उसकी मंशा बड़े युद्ध की हो, तो आश्चर्य नहीं। रही बात इजरायल को परास्त करने की, तो उसे हराया नहीं जा सकता। शायद हमास यह भी चाहता होगा कि सीधे हमला करके वह बाकी अरब देशों की सहानुभूति व समर्थन बटोर लेगा। उसे लगा होगा कि अरब देश उसके साथ खड़े हो जाएंगे, पर ऐसा होने की संभावना नहीं है। यह रूस-यूक्रेन युद्ध जैसा मामला नहीं है। अरब दुनिया बहुध्रुवीय है, ऐसा नहीं है कि सारे अरब देश फिलिस्तीन के लिए लड़ना शुरू कर देंगे। अभी भारत का आधिकारिक पक्ष सही है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि हम इजरायली कब्जे के पक्षधर बन जाएं। हमें आतंकी हमले के खिलाफ खड़े रहना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भारत-मित्र कलाकार रोरिक का ख्वाब अधूरा रह गया

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

यह महान कलाकार निकोलस रोरिक को याद करने का दिन है। आज उनके 150वें जयंती वर्ष की शुरुआत उस वक्त हो रही है, जब शायद दुनिया को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्हें याद करने के संदर्भ बहुत सारे हो सकते हैं, पर फिलहाल रूस-यूक्रेन की लंबे समय से जारी और इजरायल-फलस्तीन की ताजा लड़ाई उनके बारे में सोचने का शुरुआती बिंदु हो सकती है। प्रसंगवश यह जिक्र भी जरूरी है कि रोरिक रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में पैदा हुए थे और युद्ध के कारण आज तबाही की ओर बढ़ रहे यूक्रेन में एक आर्किटेक्ट के तौर पर उन्होंने कई इमारतों को डिजाइन किया था।

रूस-यूक्रेन जंग की शुरुआत में ही मॉस्को ने खारकीव नेशनल यूनिवर्सिटी के 'स्कूल ऑफ फिजिक्स ऐंड टेक्नोलॉजी' व 'एस्ट्रोनॉमिकल इंस्टीट्यूट' पर मिसाइलें दागी थीं। दोनों संस्थानों की मूल इमारतों को तो थोड़ा-बहुत ही नुकसान पहुंचा, पर 29 लोगों के मारे जाने की खबर आई। निकोलस रोरिक ने ऐसे खतरों को एक सदी पहले ही पहचान लिया था। उनका कहना था, वैज्ञानिक संस्थान, सांस्कृतिक विरासत और राजनयिक मिशन मानव सभ्यता की बड़ी उपलब्धियां हैं और किसी भी युद्ध के दौरान उनकी रक्षा दुनिया का सबसे बड़ा कर्तव्य होना चाहिए। रोरिक स्वप्नदर्शी विचारक भर नहीं थे। दोनों विश्व युद्धों की विभीषिका को उन्होंने जिया था। उनके जीवन पर जिन दो लोगों का सबसे ज्यादा प्रभाव था, उनमें एक थे एचजी वेल्स और दूसरे थे रवींद्रनाथ टैगोर। टैगोर विश्व नागरिक की अवधारणा में यकीन करते थे और अंध राष्ट्रवाद के बड़े विरोधी थे। रोरिक ने टैगोर की विश्व नागरिक की अवधारणा को जिया। उन्होंने अपने जीवन का काफी समय रूस के अलावा यूरोप के देशों, अमेरिका, तिब्बत वगैरह में बिताया और जीवन के अंतिम डेढ़ दशक में वह कुल्लू के बहुत छोटे से कस्बे नग्गर में रहे।



तमाम अनुभवों ने रोरिक को सिखा दिया था कि सिर्फ विचार से कुछ नहीं होगा और इसके लिए आगे बढ़कर कदम उठाने होंगे। दूसरा विश्व युद्ध अभी शुरू भी नहीं हुआ था, तभी 1930 में रोरिक ने एक संधि-मसौदा तैयार किया, जो कहता था कि युद्ध के दौरान किसी भी देश की सेनाएं वैज्ञानिक संस्थानों व सांस्कृतिक धरोहरों पर न तो हमला बोलेंगी और न कोई नुकसान पहुंचाएंगी। उन दिनों देशों में एक सहमति बनी थी कि जिन गाड़ियों या शिविरों पर रेडक्रॉस का झंडा लगा हो, उन पर हमला नहीं किया जाएगा। रोरिक ने वैज्ञानिक व सांस्कृतिक इमारतों के लिए भी रेडक्रॉस-सा एक झंडा तैयार किया। इसे उन्होंने 'बैनर ऑफ पीस' यानी शांति पताका कहा।

रोरिक जानते थे कि शांति पताका बनाने से ज्यादा कठिन काम देशों को इसके लिए राजी करना है और वह निकल पड़े विश्व के नेताओं को इसके लिए राजी करने। तब तक एक कलाकार के रूप में रोरिक इतने प्रतिष्ठित हो चुके थे कि उनकी बात हर जगह सुनी गई। सबसे बड़ी उपलब्धि तो यह रही कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट को इसके लिए राजी करने में कामयाब रहे। सीनेट से प्रस्ताव भी पास हो गया। लगा कि एक बड़ा शांति प्रयास सचमुच साकार होने वाला है। मगर कुछ महीनों में ही दूसरा विश्व युद्ध शुरू हो गया। एक बार जब जंग शुरू होती है, तो शांति के सारे प्रयास बेमानी हो जाते हैं। कोशिश का परिणाम नहीं निकला, तो उन्होंने भारत का रुख किया। कुल्लू के आगे पतलीकुहल के पास नग्गर उन्हें इतना भा गया कि फिर वह जीवन भर यहीं रहे।

यहां रहते हुए निकोलस और उनके बेटे स्वेत्सोलाव रोरिक ने पेंटिंग बनाने व घुमक्कड़ी का अपना सिलसिला जारी रखा। निकोलस रोरिक के जीवन के उत्तरार्द्ध की ज्यादातर पेंटिंग का मूल विषय हिमालय ही है। इनमें लाहौल के पर्वतों पर बनाई गई उनकी श्रृंखला तो अजूबी है। भारत की आजादी के चार माह बाद ही उनका देहांत हो गया। नग्गर के रोरिक इस्टेट के निचले तल पर बनी उनकी समाधि पर हिंदी में लिखा है- यहां भारत के महान मित्र महर्षि निकोलस रोरिक का अंतिम संस्कार किया गया। इसी एस्टेट के सबसे ऊपरी तल पर उरुस्वति लोककला संग्रहालय है, जिस पर शांति पताका आज भी फहरा रही है। काश, यह पताका हर सांस्कृतिक धरोहर व वैज्ञानिक संस्थान पर फहरा रही होती!

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# यौन सहमतिः भारतीय परिवेश का रहे ख्याल

डॉ. विजय राय

किसी व्यक्ति या समूह से आम संबंध के मामले उनका आपस में सहमत होना एक सामान्य अपेक्षा है। इसमें उम्र की बाध्यता नहीं है, लेकिन यौन संबंध बनाने में उम्र एक वैधानिक शर्त हो जाती है।

इसमें तब एक खास भौगोलिक परिस्थिति में रहने वाले प्राणियों की विशिष्ट जैविक संरचना, वहां की पारिवारिक-सामाजिक रीति-रिवाजों एवं सांस्थनिक-वैधानिक मान्यताओं की भूमिका हो जाती है। इन आधारों पर सहमतिपूर्ण यौन संबंधों की वैधानिकता तय की जाती है।

अपने देश में 2012 में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट (पोस्को) के तहत यौन संबंधों पर सहमति उम्र 18 वर्ष तय की गई है। इससे कम उम्र में बनाए गए ऐसे संबंध को रेप माना गया है-चाहे वह परस्पर प्रेम या सहमति से ही क्यों न बनाया गया हो। इसके लिए तीन से 10 वर्ष की सजा के प्रावधान हैं। प्रेम और सहमति से बने संबंधों पर पोस्को का कठोर प्रावधान प्रारंभ से ही एक खटकने वाला बिंदु रहा है। इसलिए कि यह उपबंध किशोरों-किशोरियों में हो रहे जैविक या अवधारणात्मक विकास को परिलक्षित नहीं करता।

लिहाजा, बदलाव की मांग न्यायिक संस्थानों से भी की जा रही है, लेकिन विधि आयोग ने अपनी सिफारिश में सहमति की उम्र 18 से 16 वर्ष करने के संशोधन प्रस्ताव एवं आग्रहों को सिरे से खारिज कर दिया है। 22वें विधि आयोग ने शुक्रवार को केंद्रीय कानून मंत्रालय को सौंपी 126 पेज की रिपोर्ट में कहा कि सहमति की आयु घटाकर 16 वर्ष करने से बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर सीधा और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से हटाने से वास्तविक मामलों को नुकसान होगा और पोस्को अधिनियम महज कागजी कानून बनकर रह जाएगा।

तो फिर परस्पर सहमति से बने संबंध का क्या होगा? आयोग ने इस मामले सजा में छूट समेत अन्य पहलुओं को न्यायालय के विवेक पर छोड़ दिया है। उसका कहना है कि 16 साल या उससे अधिक (18 से कम) उम्र में सहमति से संबंध के मामले में लड़के-लड़की की उम्र का फासला 3 साल या उससे अधिक है तो इसे अपराध की श्रेणी में मानना चाहिए। यह सहमति तीन आधारों पर परखी जाए और उसी आधार पर इसे अपवाद भी माना जाए। अदालतें ये देखें कि दोनों में सहमति भय या पलोभन पर तो आधारित नहीं थी? ड्रग का तो इस्तेमाल नहीं किया गया? यह सहमति किसी प्रकार से शारीरिक व्यापार के लिए तो नहीं। उम्र कम करने की बजाय इसके दुरुपयोग को रोका जाए। कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाले आयोग ने उन स्थितियों से निपटने के लिए पोक्सो अधिनियम, किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में कई संशोधनों की सिफारिश की, जहां मौन स्वीकृति है, जबकि 16 से 18 साल के बीच के किशोरों के यौन संबंध को कानून में सहमति नहीं माना जाता।



पर किशोरों को यौन शोषण से बचाने के लिए लाए गए पोस्को कानून को लेकर इधर कुछेक वर्षो में आवाजें उठने लगी हैं। यह अनुभव किया जाने लगा है कि सहमतिपूर्ण संबंधों के वास्तविक मामलों में भी सैकड़ों किशोरों को सजा हो जा रही है। इससे वे बच्चे आपराधिक श्रेणी में आ रहे हैं। एनसीआरबी-2021 की रिपोर्ट के अनुसार, पोक्सो के तहत मामलों के पीड़ितों की सबसे बड़ी संख्या 16 से 18 के बीच है, और इनमें ज्यादातर लड़कियां हैं। इन मामलों में अखिल भारतीय सजा दर लगभग 32 फीसद थी। उल्लेखनीय है कि भारत में 18 वर्ष से कम उम्र के 400 मिलियन से अधिक लोग थे, जो कुल जनसंख्या का लगभग 36.7 फीसद है। एनफोल्ड प्रोएक्टिव हेल्थ ट्रस्ट, जो एक बाल अधिकार चैरिटी है, उसने खुलासा किया है कि 2016 और 2020 के बीच असम, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में पोस्को के 24.3 प्रतिशत मामले %रोमांटिक मामले' थे और इनमें से 87.9 प्रतिशत मामलों में लड़की ने माना था कि लड़के के साथ उसके रोमांटिक रिश्ते थे।

नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर द चाइल्ड एंड द लॉ द्वारा 2018 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि आंध्र प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 20 प्रतिशत से अधिक मामले रोमांटिक थे। इन्हीं मामलों की सुनवाई करते हुए निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक को इसमें बदलाव की जरूरत लगी। पिछले दिसम्बर में, भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने संसद से सहमति की उम्र के मुद्दे पर फिर से विचार करने की अपील की थी क्योंकि किशोरों की सहमति से यौन संबंध के मामलों की जांच करने वाले न्यायाधीशों को कठिनाइयां होती हैं। इस साल जून में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से भी ऐसा ही अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति दीपक कुमार अग्रवाल ने सरकार से किशोर लड़कों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किए जाने के अन्याय' से बचने के लिए सहमति की उम्र घटाकर 16 साल करने का आग्रह किया। न्यायाधीश ने कहा, आजकल, सोशल मीडिया जागरूकता और आसानी से सुलभ इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण 14 वर्ष की आयु के करीब हर पुरुष या महिला कम उम्र में ही यौवन प्राप्त कर रहे हैं। लड़के और लड़कियां एक-दूसरे के प्रति आकर्षित हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अंततः सहमति से शारीरिक संबंध बनते हैं।' न्यायाधीश का आकलन था कि इन मामलों में, पुरुष व्यक्ति बिल्कुल भी अपराधी नहीं हैं। यह केवल उम्र की बात है जब वे महिलाओं के संपर्क में आते हैं और शारीरिक संबंध बनाते हैं।

देश में यौन संबंधों में सहमति की उम्र कम करने को लेकर भारतीय समाज में मांग बढ़ती जा रही है। सहमति की उम्र विश्व में 12 से 21 वर्ष तक है लिहाजा भारत को ऐसे में अपनी सामाजिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए विचार करना चाहिए। इस ओर ध्यान दिया जाए कि भारत की किशोर आबादी यौन रूप से सक्रिय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) से पता चला कि 39 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने 18 साल की उम्र से पहले यौन संबंध बना लिए थे और 25-49 आयु वर्ग में 10 प्रतिशत ने कहा कि उन्होंने 15 साल की उम्र से पहले उन्होंने ऐसा किया था।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता के सम्बंध में दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय कुमार साहू की उपस्थिति में शनिवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के संबंध में जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदर्श आचार संहिता का पालन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि किसी जाति , भाषा या धर्म के नाम पर घृणा उत्पन्न करना, मतदाताओं को रिश्वत देना, भयभीत करना आदि कार्य नियम विरुद्ध हैं। किसी दल की रीति नीति का विरोध कर सकते हैं पर किसी पर व्यक्ति लांछन लगाना , पुतला जलाना या किसी के निवास का घेराव करना मना है । रैली और जनसभा करने से पहले संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर से अनुमति लेना होगा, जिसके लिए सुविधा एप का उपयोग किया जा सकता है। इसमें रैली निकलने का समय व स्थान, रैली के गुजरने का मार्ग तथा समापन का स्थान और समय का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। विधानसभा निर्वाचन के लिए कोई उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपए व्यय कर सकता है परंतु अपने समस्त व्ययों को लेखा रजिस्टर में लिखना तथा समय-समय पर बिल व्हाऊचर के साथ जांच के लिए प्रस्तुत करना होगा। नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित अधिकतम 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकते हैं।

### सामान्य ज्ञान के साथ किड्स डांस प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

**कोरबा।** महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुंभ में अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताऔ के तहत श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा दिनांक 08.10. 2023 को श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन सभी वर्ग अ कक्षा 5 से कक्षा 8 वीं तक वर्ग ब कक्षा 9 वीं से कक्षा 12वीं तक के बच्चों के लिए अयोजित कि गई थी दो वर्ग में 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । सामान्य ज्ञान के प्रश्नों से जहां बच्चें ने तैयारी कि उनकी सामान्य ज्ञान के प्रति रूचि भी बढाई है इसके किड्स डांस प्रतियोगिता वर्ग ब का अयोजन भी किया गया जो कक्षा 5 से कक्षा 12 वीं तक बालक एवं बालिकाओं के लिए अयोजित कि गई थी किड्स डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने डांस में प्रतिभा को दिखने के साथ साथ समाज के लिए कुछ संदेश में दिया । उनके द्वारा जहां एक देश भक्ति को दिखाया वहीं देष के विभिन्न क्षेत्र के डांस को भी महत्व दिया गया कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज कि महिलाऐं व अग्रबन्धु उपस्थित थे । इस प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 09.10.2023 दिन सोमवार को अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा दोपहर 3:30 बजे 14 वर्ष के उपर की बालिका एवं महिलाओं के लिए पेपर पल्प आर्ट प्रतियोगिता का अयोजन श्री अग्रसेन भवन में किया गया इसके 14 वर्ष के उपर की बालिकाओं एवं महिलओं के लिए शाम 4:30 बजे श्री अग्रसेन भवन में चम्मच दौड प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।

# आदिवासियों की रीति-नीति व संस्कृति को संवारने का काम कर रही भूपेश सरकार - मंत्री लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। ग्राम पंचायत रोकेल में हल्बा समाज भवन एवं विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा शामिल हुए। जनसम्पर्क के दौरान चिपुरपाल व रोकेल के ग्रामीणों ने मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से बस्तर क्षेत्र में बिजली, सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गौठान को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। आज ग्राम चिपुरपाल में नल जल योजना चलाई जा रही है जिसके तहत घरों तक पानी पहुंच रहा है।



उन्होंने कहा कि पहले रोड कीचड़ हुआ करता था, गाड़ी मोटर नहीं आ पाता था, आज सीसी रोड बनाने के बाद कार जैसे बड़े गाड़ी आपके ग्राम तक पहुंच रहा है। मंत्री ने रोकेल में हल्बा समाज के सामाजिक भवन का उद्घाटन किया। 10 लाख की लागत से सामाजिक भवन के बाहर डोम लगाने की घोषणा की। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। सभी समाज के लोगों के अनुरूप सामाजिक भवन बनाने का काम किया जा रहा है।

आज आदिवासियों की रीति-नीति व संस्कृति को संवारने का काम किया जा रहा है। जिसके तहत देवगुड़ी का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही गरीब आदिवासियों के जेब में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विभिन्न माध्यमों से पैसा देने का काम कर रही है।

आप लोगों के मांग के द्वारा तेंदुपत्ता की नगद खरीदी की मांग की गई थी। जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए नगद खरीदी की घोषणा किए। आज मात्र सुकमा जिले में ही गांव के लोगों के द्वारा 50 करोड़ का तेंदुपत्ता सरकार को बेची गयी। अगले साल 60 करोड़ से अधिक का हमारा लक्ष्य हो, गांव में तेंदुपत्ता के बिक्री से लोग गाड़ी मोटर की खरीदी कर रहे है, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। भाजपा शासन में नक्सली और पुलिस दोनों ही ग्रामीणों को परेशान करने का काम करते थे। आज पुलिस हमारे साथ है ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण, शांति स्थापित करने के साथ ही नक्सल गतिविधियों पर नकल कसने का काम कर रही है। आज भूपेश बघेल के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र शांत हो रहा है, साथ ही नक्सल से जुड़े लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

#### 50 लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

ग्राम पंचायत उरमापाल में कांग्रेस सरकार की रीति-नीति से प्रभावित होकर सीपीआई के 40 तथा बीजेपी के 10 लोगों ने मंत्री कवासी लखमा के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। मंत्री ने सभी 50 नए सदस्यों को कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने ग्राम पंचायत उरमापाल कुशलपारा में पंचायत भवन व सीसी रोड का भूमिपूजन किया। लक्कापारा से पेदापारा तक सीसी रोड का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा केरा तोंग में पुल का निर्माण करवाया जाएगा।

#### छिंदगढ़ बना नक्सल मुक्त क्षेत्र

कवासी लखमा ने कहा कि छिंदगढ़ में मातागुड़ी मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही गुम्मा, रामाराम मंदिर को सजाने संवारने का काम किया जा रहा है। आज छिंदगढ़ नक्सल मुक्त क्षेत्र बन रहा है यहां शांति स्थापित हो रही है। भाजपा शासन में चुनाव के समय पर राशन कार्ड से नाम काटने का काम किया जाता था किंतु छत्तीसगढ़ में हमारी कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सभी वर्ग के लोगों के नाम राशन कार्ड बनवाया जा रहा है चाहे वो गरीब हो या अमीर। आज केंद्र की भाजपा सरकार के कारण महंगाई दिनों दिन बढ़ रही है। पेट्रोल, डीजल के साथ ही खाने पीने के सामानों में, कपड़ों में आदि में जीएसटी लगाकर महंगाई को बढ़ावा दे रही है। डोंगरगढ़देही में बाउंड्रीवाल व लाईट लगाने का काम किया जायेगा। दुरमा में देवगुड़ी का निर्माण करवाया जायेगा, बालापारा में सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा।

## ग्राम पंचायत मचेवा में 7.83 लाख की लागत से बनेगा सीसी रोड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मचेवा में 7.83 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से सीसी रोड की सौगात मिली है। आज रविवार को जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस दौरान श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कार्य के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

आज रविवार को ग्राम पंचायत मचेवा में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर थे। अध्यक्षता बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में सोसाइटी अध्यक्ष किशन देवांगन मौजूद रहे। मुख्य अतिथि वनोपज संघ के अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद विधानसभा में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास कराया जा रहा है। शहर के साथ ही गांवों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।

## उत्तर पुस्तिका में पहचान चिन्ह दर्शित करने के कारण अभ्यर्थी अयोग्य घोषित: पीएससी ने स्पष्ट की स्थिति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयन प्रक्रिया के दौरान होने वाले साक्षात्कार में पात्र अभ्यर्थी को न बुलाए जाने के संबंध में सोशल मीडिया में एक समाचार प्रसारित हुआ है, जिसमें उल्लेख है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के एक अभ्यर्थी द्वारा पीएससी के सचिव और परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखकर यह शिकायत की गई है कि सीजीपीएससी-2022 की भर्ती के दौरान ओबीसी श्रेणी में लिखित परीक्षा में 710 से 715 नम्बर पाने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। अभ्यर्थी श्री शिवम देवांगन का आरोप है कि उन्हें लिखित परीक्षा में 771.5 अंक प्राप्त हुए थे। इसके बावजूद भी साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा इस संबंध में स्पष्ट किया गया है कि प्रसारित समाचार भ्रामक तथा तथ्यहीन है। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य सेवा परीक्षा 2022 में अभ्यर्थी श्री शिवम देवांगन द्वारा प्रथम प्रश्न पत्र के प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में पृष्ठ क्रमांक 20 पर प्रश्न क्रमांक 17 (ख) में राधेश्याम तथा राजेश मोहन उल्लेख कर पहचान चिन्ह दर्शित करने के कारण आयोग द्वारा उन्हें अनर्ह घोषित करते हुए परीक्षा परिणाम प्रक्रिया से पृथक किया गया है। इस कारणवश राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा 2022 के साक्षात्कार की सूची में अभ्यर्थी को शामिल नहीं किया गया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन की कंडिका 11 का (पग) एवं प्रश्न सह उत्तरपुस्तिका में उल्लेखित निर्देश की कंडिका-04 के अनुसार- प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त कहीं पर भी अपना नाम, अनुक्रमांक, कोई धार्मिक चिन्ह, कोई पहचान चिन्ह या उत्तर के अतिरिक्त अन्य कोई अक्षर, शब्द, वाक्य या कोई धार्मिक शब्द या वाक्य नहीं लिखा जाना चाहिए। उत्तर पुस्तिका में नीले व काले बॉल पॉइण्ट पेन के अतिरिक्त अन्य किसी भी रंग अथवा किसी प्रकार के पेन जैसे स्केच पेन, हाईलाइटर, ग्लिटर पेन इत्यादि का प्रयोग न करें। ऐसा करने पर जाँचकर्ता द्वारा संबंधित अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किए जाने की अनुशंसा की जा सकती है।

## भाजपा लोगों को उनका हक नहीं देना चाहती इसीलिये जातिगत जनगणना का विरोध करती है - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जातिगत जनगणना पर भारतीय जनता पार्टी अपना स्टैंड क्लीयर कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा वंचित वर्गो को उनका अधिकार देने का विरोध करती है यही कारण है कि भाजपा की केन्द्र सरकार जातिगत जनगणना नहीं करवा रही है यही नहीं लोगो को उनके अधिकार से वंचित रखने के षडयंत्र के कारण मोदी सरकार 2021 में होनी वाली देश की जनगणना को भी 2023 से लंबित रखा है।

जातिगत जनगणना से देश की वास्तविक जातीय आधार तथा विभिन्न जातीय समूहो की आर्थिक सामाजिक हालात की जानकारी सामने आयेगी जिसके आधार पर सरकार को अपनी योजनाओं को बनाने के सही तथ्य मिलेंगे। जब देश के लोगो के बारे में जानकारी ही नहीं मिलेगी तो सरकार उनके भलाई को योजनायें कैसे बनायेगी। भाजपा की केन्द्र सरकार आर्थिक और सामाजिक लोगो के भलाई के लिये योजना नहीं बनाना चाहती है इसीलिये भाजपा जातिगत जनगणना का विरोध कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में भी वंचित वर्गो को उनका अधिकार देने के खिलाफ है। यही कारण है कि भूपेश सरकार द्वारा विधानसभा में पारित करवाये गये आरक्षण संशोधन विधेयक को भाजपा राजभवन में रोकवा कर रखी है उस पर हस्ताक्षर नही होने दे रही है। भूपेश सरकार द्वारा बनाये गये आरक्षण बिल में आदिवासी वर्ग के लिये 32 प्रतिशत, ओबीसी के लिये 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिये 13 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग में गरीब के लिये 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। कांग्रेस सरकार ने इन वर्गो को आरक्षण देने के लिये इनकी जन संख्या को आधार माना है। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के आरक्षण का आधार 2011 की जनगणना है तथा ओबीसी को आरक्षण देने के पहले भूपेश सरकार क्वांटी फायबल द्वारा आयोग बनाकर ओबीसी तथा सामान्य वर्ग की गणना करवाया है। ओबीसी वर्ग की जनसंख्या 44 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग की संख्या साढ़े तीन प्रतिशत आई है। उसी आधार पर उनके आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। भाजपा नहीं चाहती आदिवासी समाज और ओबीसी की आरक्षण बढ़े। इसीलिये वह विरोध करती है तथा आरक्षण बिल को राजभवन में रोकवा कर रखी है।

## छिन्द रीपा की बेकरी यूनिट लघु उद्योग के रूप में हो रहा विकसित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दूरगामी परिणाम को मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योग की स्थापना के लिए शुरू की किया गया महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का परिकल्पना धरातल पर साकार हो रहा है। सारंगढ़ विकासखंड के छिंद रीपा में दिशा आदर्श स्वसहायता समूह ने बेकरी यूनिट का प्रारंभ अप्रैल 2023 में प्रारंभिक तौर पर शुरू किया है। आधुनिक बेकरी मशीन मई 2023 में प्राप्त होने और स्थापना के बाद से निरंतर बेकरी उत्पादन हो रहा है। इसमें कई प्रकार के बिस्किट, केक, ब्रेड आदि शामिल हैं। दिशा आदर्श स्वसहायता समूह की अध्यक्ष चन्द्रकला रात्रे ने बताया कि इस रीपा यूनिट से 7 लोगों को रोजगार मिला है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 लाख का बेकरी यूनिट मशीन और का कच्चा उत्पाद खरीदी के लिए एक लाख रूपए मिला है। शासन द्वारा दी गई इस राशि का भुगतान समूह को 10 साल में किश्तों में करना है। समूह ने बेकरी के लिए सांचा की खरीदी डेढ़ लाख में की है और आवश्यक पॉलीथीन की खरीदी 75 हजार में की है।

## जीत और हार खेल के अंग, महत्वपूर्ण है खेल को खेल भावना से खेलना - रेखचंद जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 23 वें राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में एथलेटिक्स,रग्बी एवं जूड़ो प्रतियोगिता में कुल 900 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खेलों के विकास के लिए कृत संकल्पित है और इस हेतु खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए विश्व स्तरीय खेल मैदानों का निर्माण किया गया है इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, हाता ग्राउंड, धरमपुरा क्रीडा परिसर, सिटी ग्राउंड जैसे अत्याधुनिक खेल मैदान बनाए गए हैं उन्होंने कहा की बच्चों को हार जीत की परवाह किए बिना खेल भावना से खेलना चाहिए खेलों में कोई एक जीतेगा तो कोई एक हारेगा पर महत्वपूर्ण यह है की हमने खेलों को खेल भावना से खेला। आप सभी खिलाड़ी विभिन्न



संभागों से खेलने आए है। अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करे।

कार्यक्रम को महापौर श्रीमती सफीरा साहू,शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य एवं इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती सफीरा साहू,इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ,शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य,ग्रामीण अध्यक्ष बलराम मौर्य ,वरिष्ठ पार्षद एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री यशवर्धन राव,राजेश राय पार्षद सूर्या पाणी, मनोनीत पार्षद सुरेंद्र झा वरिष्ठ नेता हेमू उपाध्याय विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजय सिंह जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, सहायक संचालक विजेन्द्र डोंगरे,डी पी ओ देवाशीष चौधरी, गणेश तिवारी,बी आर सी गरुड़ मिश्रा,खंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह भारद्वाज सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### गोवर्धन पूजा पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश, भाईदूज पर स्थानीय अवकाश घोषित

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार गोवर्धन पूजा के अवसर पर 13 नवंबर 2023 के पूर्व में नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर में स्थित शासकीय कार्यालय एवं संस्थाओं के लिए घोषित स्थानीय अवकाश को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप 15 नवंबर को भाईदूज पर्व के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर तथा रायपुर शहर में स्थित शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### मध्यान्ह भोजन में अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में सात जिलों के स्कूली बच्चों को मिलेगा अण्डा

**रायपुर।** प्रदेश के 7 जिलों - बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, सूरजपुर, नारायणपुर और कोण्डागांव में संचालित सभी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यांह भोजन) के तहत अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में अण्डा दिया जाएगा। अण्डा वितरण करने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय अनुमोदन कर आवश्यक कार्यवाही के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ एमओयू पर हाल ही में हस्ताक्षर किया गया है।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इन जिलों में संचालित समस्त स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यान्ह भोजन) से लाभान्वित सभी छात्र-छात्राओं को प्रत्येक शाला दिवस में मध्यान्ह भोजन में अण्डा प्रदाय किया जाएगा। अण्डा प्रदान करने की प्रक्रिया और इसके लेखा संधारण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। मध्यान्ह भोजन के साथ ही अण्डा वितरण शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी 7 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना संचालित स्कूलों में 30 सितम्बर 2023 की स्थिति में दर्ज संख्या की अद्यतन जानकारी की प्रविष्टि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कर ली जाए।

### अगले पांच दिनों तक तापमान में नहीं होगा बदलाव

**रायपुर (ए)।** दक्षिण पश्चिमी मानसून की प्रदेश से अब मानसून की विदाई लगभग हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश के शेष भाग, पूर्वी मध्य प्रदेश के शेष भाग, बिहार के कुछ भाग, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र के कुछ भाग तथा मध्य अरब सागर के कुछ भाग के लिए अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है। अब प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई जा रही है। अगले पांच दिनों तक अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। सोमवार को राजधानी का मौसम मुख्यत: साफरहने के आसार हैं। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। रविवार को राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा। वहीं, मनोरा सहित एक दो स्थानों में हल्की बारिश हुई। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस तिल्दा में और न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस कोरिया में दर्ज किया गया।

वैसे तो दक्षिण पश्चिमी मानसून की विदाई के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं, इसके बावजूद एक द्रोणिका छत्तीसगढ़ के मध्य भाग से दक्षिण तमिलनाडु तक तेलंगाना एवं आंतरिक कर्नाटक होते हुए समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में वर्षा की विशेष संभावना नहीं है।

# चुनाव के दौरान सतर्क रहें सभी अधिकारी-कर्मचारी: आईजी डांगी

### आईजी-एसएसपी ने ली अधिकारियों की बैठक



**रायपुर।** पुलिस महानिरीक्षक आरएल डांगी और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने रविवार को सिविल लाईन स्थित सी/4 के सभाकक्ष में सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक ली।

आईजी डांगी और एसएसपी अग्रवाल ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनावी रैलियों, वीआईपी व्यक्तियों के प्रवास, प्रदर्शन इत्यादि के दौरान कानून व्यवस्था ड्यूटी को अलर्ट रहकर संयम पूर्वक करने कहा। चुनावी आमसभाओं व चुनाव से संबंधित हर छोटी-छोटी घटनाओं को ध्यान रखते हुए हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शराब, नशीले पदार्थ और चुनाव से संबंधित अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन को रोकने व कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से अनिवार्य रूप से मतदान देने कहा गया। इस संबंध में प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा पोस्टल बैलेट का उपयोग कैसे करें डेमो देकर समझाया गया।

गुण्डा-निगरानी बदमाश, असमाजिक तत्वों के विरूद्ध अधिक से अधिक धारा 109, 110, 107/116, 151 जा.फौ. के तहत कार्यवाही करने के निर्देश देने के साथ ही किसी प्रकार की घटना घटित होने पर तत्काल कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये। रात्रि गश्त में थाना क्षेत्रों में प्वाईन्ट बढ़ाने तथा गश्त को और अधिक मुस्तैदी पूर्वक करने निर्देशित किया गया।

## कहानियां व्यक्तित्व का विकास करती हैं : डॉ सुशील त्रिवेदी

**रायपुर।** डॉ. जेके डागर एक किस्सागोई कहानीकार हैं, उनकी कहानी संग्रह से पाठकों में व्यक्तित्व का भी विकास होता है। उक्त विचार विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सुशील त्रिवेदी ने व्यक्त किए। अध्यक्षता वरिष्ठ व्यंग्यकार गिरीश पंकज ने की। वृंदावन हॉल में रविवार को छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल और वैभव प्रकाशन की ओर से ख्यातिलब्ध कहानीकार और प्रेरक वक्ता डॉ. जेके डागर की पुस्तक जीवन की लहरें का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि और छत्तीसगढ़ मित्र के संपादक डॉ सुशील त्रिवेदी ने कहा है कि सरलता के साथ अपने आसपास को इन कहानियों में चित्रित किया गया है।

#### रविशंकर विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए जरूरी खबर

## ढाई महीने में करनी होगी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी




**रायपुर (ए)।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की तरफ से जारी वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर के मुताबिक एक मार्च से बीए, बीएससी, बीकाम, बीसीए जैसी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू होगी। पूरक परीक्षाओं में हुई देरी के वजह से अब छात्रों को वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी महज ढाई महीने में ही करनी होगी। इन ढाई महीनों में लगभग 15 से 20 दिन का अवकाश होने की वजह से कालेज भी नहीं खुलेंगे। इस बार पूरक परीक्षा का नियम बदला गया है। अब दो विषयों में फेल छात्रों को भी पूरक की पात्रता दी जाएगी। पूरक परीक्षा के नियम बदलने की वजह से पूरक परीक्षाओं में भी देरी हुई है। अभी दो विषयों में फेल छात्रों से पूरक परीक्षा के लिए फार्म भरवाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन पूरक परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। घोषित तिथि के अनुसार पूरक परीक्षाएं 27 अक्टूबर से शुरू हो रही है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

नए नियम लागू होने की वजह से पूरक छात्रों की संख्या भी बढ़ गई है। विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी, बीकाम, बीसीए समेत अन्य कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा लगभग सवा लाख छात्रों ने दी है। जिमसें 50 हजार छात्र पास और 50 हजार छात्र फेल घोषित हुए हैं। 25 हजार छात्र-छात्राएं पूरक है। जो छात्र फेल हुए है उनमें से करीब 25 हजार छात्र ऐसे हैं जो दो विषयों में फेल है। इस वजह से अब लगभग 50 हजार छात्र पूरक परीक्षा में शामिल होंगे।

### 22 नवंबर तक चलेंगी पूरक परीक्षाएं

विश्वविद्यालय की तरफ से जारी समय-सारणी के मुताबिक पूरक परीक्षाएं 27 अक्टूबर से शुरू होकर 22 नवंबर तक चलेंगी। पूरक परीक्षा में छात्रों की संख्या अधिक होने की वजह से परीक्षा परिणाम आने में भी 15 से 20 दिन का समय लगेगा। पूरक परीक्षाओं का परिणाम दिसंबर के दूसरे सप्ताह तक आएगा। पूरक परीक्षाओं में पास हुए छात्रों के पास वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए लगभग ढाई महीने का समय रहेगा। उन्हें अभी से ही अपनी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

### पूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन शुरू

नए नियम के अनुसार कालेजों में पूरक परीक्षाओं के आवेदन शुरू हो गए हैं। दो विषयों में फेल छात्र-छात्राएं कालेज में जाकर आवेदन कर रहें हैं। पूरक परीक्षाओं के लिए 16 अक्टूबर तक छात्र आवेदन कर सकते हैं। दो विषयों में फेल छात्रों को पूरक की पात्रता इसी सत्र के लिए मिली है। कोरोना के कारण तीन वर्ष तक छात्रों ने ऑनलाइन परीक्षा दी थी।

## वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह: जनजागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रम आयोजित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के दौरान लोगों में जनजागरूकता व जनभागीदारी सुनिश्चित कर वन्यजीवों के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवा रायपुर स्थित नंदनवन जू एवं सफारी में वन मंत्री मोहम्मद अकबर के दिशा-निर्देशन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन्य बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम जंगल सफारी प्रबंधन द्वारा आयोजित किए गए।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नंदनवन जू एवं सफारी, नवा रायपुर में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के दौरान 02 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता रैली, 03 अक्टूबर को वन्यजीवों की पारिस्थितिकी तंत्र में भूमिका, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा 04 अक्टूबर को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी तरह 05 अक्टूबर को वाद-विवाद प्रतियोगिता, 06 अक्टूबर को निबंध प्रतियोगिता, 7 अक्टूबर को फोटोग्राफी प्रतियोगिता, जंगल सफारी/बॉटनिकल गार्डन से संबंधित और 08 अक्टूबर बर्ड वाचिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

## वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह: स्कूली बच्चों की ड्रॉइंग-पेंटिंग स्लोगन, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित

### हाथी-मानव द्वंद रोकने चलाया गया जन-जागरूकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मरवाही वनमण्डल, पेण्ड्रारोड अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वनस्पतियों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण के उद्देश्य से 02 अक्टूबर 2023 से 08 अक्टूबर 2023 तक वनमण्डल के सभी परिक्षेत्रों में वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से मरवाही परिक्षेत्र अंतर्गत डीएवी स्कूल मरवाही, स्वामी आत्मानंद विद्यालय मरवाही एवं शासकीय हाई स्कूल दानीकुण्डी में ड्रॉइंग-पेंटिंग, स्लोगन, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चे बहुत ही उत्साह से भाग ले रहे हैं।

मानव हाथी द्वंद रोकने चलाए गए जन-जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि हाथी आने की सूचना निकटवर्ती वन कर्मचारी को तुरंत दी जानी चाहिए। सभी घरों में पर्याप्त रौशनी रखें, हाथियों का सामना होने पर उनसे दूरी बनाकर रखें। पहाड़ी स्थानों में सामना होने पर ढलान की ओर दौड़े। हाथी ढलान में तेज गति से नहीं उतर सकता है, परंतु चढ़ाई में दक्ष होते हैं। सुरक्षा संबंधी निर्देशों को अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। किसी भी प्रकार का शोरगुल या हल्ला न करें, सेल्फी और फोटो न लें, हाथियों को खदेड़ने उसके पास न जाए, हाथियों को गुलेल, तीर, मशाल और पत्थरों से बिल्कुल न मारें। घर में बनें शौचालय का उपयोग करें। देशी शराब व महुआ से शराब न बनाएं व भंडारण न करें। हाथियों के विचरण क्षेत्र में तेंदूपत्ता, फुटु, बांस के संग्रहण के लिए एवं मवेशी चराने के लिए न जाएं।

#### हाथी मानव द्वंद रोकने चलाया गया जन-जागरूकता अभियान

मरवाही में हाथी से प्रभावित ग्रामों में हाथी मानव द्वंद रोकने जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। गजरथ के माध्यम से हाथी मानव द्वंद को कम करने हेतु हाथी के व्यवहार एवं हाथी के आने पर क्या करें और क्या न करें इस संबंध में लाउड स्पीकर के माध्यम से एवं पाम्पलेट के माध्यम से जन जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गजराज द्वारा किये गये क्षतिपूर्ति राशि ग्रामीणों को चेक के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा है।

#### नुक्कड़ नाटक के के जरिए दिया वन्यप्राणी संरक्षण का संदेश

ग्रामों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वन्यप्राणी संरक्षण का संदेश प्रसारित किया जा रहा है एवं गौरला परिक्षेत्र अंतर्गत ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पेण्ड्रारोड, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय आमाडोब एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पकरिया में भी में ड्रॉइंग-पेंटिंग स्लोगन, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

# औषधि पादप बोर्ड द्वारा जड़ी-बूटी पीसने के लिए मशीन का वितरण

### औषधि प्रसंस्करण में होगी आसानी

### सात वनमंडलों के 90 वैद्यों को मिला लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा बोर्ड कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को परंपरागत रूप से कार्य कर रहे वैद्यों को आज जड़ी-बूटी पीसने के मशीन का वितरण किया गया। इससे सात वन मंडलों धमतरी से 10 वैद्य, कांकेर से 20 वैद्य, कबीरधाम से 10 वैद्य, बिलासपुर से 20 वैद्य, कोरबा से 10 वैद्य, कोण्डागांव से 10 वैद्य तथा कटघोरा से 10 वैद्य कुल 90 वैद्य लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर वैद्यों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए इसे औषधि प्रसंस्करण कार्य में बहुत महत्वपूर्ण बताया और पल्वालाईजर मशीन के प्रदाय में वन विभाग अंतर्गत औषधि पादप बोर्ड की पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि पल्वालाईजर मशीन प्राप्त होने से अब औषधि पादपों तथा जड़ी-बूटी को कूटने-पीसने में बहुत आसानी होगी




तथा औषधि पाउडर में स्वच्छता एवं गुणवत्ता भी बनी रहेगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज संग्राहकों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में लघु वनोपजों के संग्रहण के साथ-साथ प्रसंस्करण, विपणन आदि व्यवस्था के तहत अधिक से अधिक लाभ दिलाने निरंतर प्रयास हो रहे हैं। इस तारतम्य में औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने बताया कि राज्य के परंपरागत वैद्यों की सुविधा के लिए उन्हें मशीन का वितरण किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव तथा बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस राव ने बताया कि राज्य में आगे इस योजना का और विस्तार किया जाएगा। आज पल्वालाईजर मशीन का वितरण बोर्ड के सदस्यों बीरसिंह पद्दा तथा शुक्ला प्रसाद धुर्वे द्वारा किया गया।

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ राव ने जानकारी दी कि उक्त मशीन एक समूह पद्धति के रूप में प्रदाय किया गया है। मशीन का प्रदाय किए गए समूह के साथ-साथ आस-पास के 8 से 10 गांव में निवासरत अन्य वैद्य समुदाय को भी लाभ होगा। इस मशीन के माध्यम से हर्रा, बहेड़ा, आंवला, हल्दी, कालमेघ, बला, सतावर, अडूसा, तुलसी, ब्राहमी, तिखुर, बायबिडन, कौंच, अश्वगंधा, बच, स्टीवया, गिलोय इत्यादि जड़ी-बूटी के रॉ मटेरियल को पीसने में उपयोग किया जा सकेगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# कंगना रनौत की तेजस का ट्रेलर रिलीज एक्शन अवतार में दिखीं एक्ट्रेस

कंगना रनौत की फिल्म तेजस काफी दिनों से चर्चा में है। 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के मौके पर इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है।बीते दिनों जब फिल्म का टीजर आया था, तो कंगना को वायुसैनिक पायलट के रूप में देखकर उनके प्रशंसक उत्साहित हो गए। तब से ही उन्हें फिल्म के ट्रेलर का इंतजार था। सर्वेश मेवाड़ा की यह फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



फिल्म में कंगना ने तेजस गिल नाम की वायुसेना की एक पायलट का किरदार निभाया है। ट्रेलर में उनका देशभक्ति से लबरेज जांबाज अंदाज नजर आ रहा है। फिल्म की कहानी पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ भारतीय वायुसेना के एक मिशन पर केंद्रित है। ट्रेलर में कंगना यह संदेश देती दिख रही हैं कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए हर व्यक्ति को इसे अपना निजी मामला समझना होगा। वीएफएक्स पर फिल्माए लड़ाकू विमानों की उड़ान भी नजर आ रही है। फिल्म तेजस का नाम भारत में बनने वाले हल्के लड़ाकू विमान तेजस के नाम पर रखा गया है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि वायुसेना के पायलट देश की रक्षा के लिए किस हद तक जाते हैं और उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कंगना इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने कड़ी ट्रेनिंग भी ली है। फिल्म का निर्देशन और लेखन सर्वेश मेवाड़ा ने किया है, जबकि रॉनी स्क्रूवाला इसके निर्माता हैं। तेजस के अलावा वायुसेना पर केंद्रित कई फिल्में देखने को मिलने वाली हैं। अक्षय कुमार फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे। निर्माताओं का दावा है कि यह फिल्म भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की हमारी अनकही कहानी दिखाएगी। पिप्पा में ईशान खट्टर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पिप्पा ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण हवा में स्टंट करते नजर आएंगे। कंगना से पहले जाह्नवी कपूर भी वायुसैनिक पायलट बन चुकी हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म कारगिल गर्ल में उन्होंने पहली महिला वायुसैनिक पायलट गुंजन सक्सेना की भूमिका निभाई थी। फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने गुंजन के पिता की भूमिका निभाई थी। बीते दिनों कंगना तमिल फिल्म चंद्रमुखी 2 में नजर आई थीं।अब तेजस के बाद अपनी फिल्म इमरजेंसी लेकर आ रही हैं। यह फिल्म 24 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं।

# सिर्फ जूस पीकर नहीं कम किया जा सकता है वजन!



सिर्फ जूस पीकर वजन कम किया जा सकता है? यह सवाल का अगर सीधे तौर पर जवाब होगा नहीं। क्योंकि शरीर को चाहिए पोषण और सिर्फ जूस पीकर आपके शरीर को भरपूर पोषण नहीं मिल पाएगा। ऐसे में यह ख्याल गलत है कि जूस पीकर वजन कम किया जा सकता है। अगर लॉन्ग टर्म में वजन कम करना है तो जरूरी है कि आप पोषण और प्रोटीन से भरपूर खाना खाए खाएं। कई लोगों को ऐसा लगता है कि वह खाना कम खाएंगे और ज्यादा जूस पिएंगे तो उनका चेहरा ग्लो करेगा। लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि फ्रूट्स हो या वेजिटेबल जूस यह आपको पोष्टिक डाइट के ऊपर से लेना चाहिए। तभी आपके शरीर पर इसका असर दिखाई देगा। हेल्थ एक्सपर्ट हमेशा यह सलाह देते हैं कि कभी भी सिर्फ जूस पर निर्भर नहीं रहना चाहिए बल्कि हमेशा एक व्यक्ति को अपनी शरीर के हिसाब से प्रॉपर डाइट फॉलो करनी चाहिए। सिर्फ जूस लेना आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

**जूस में चीनी की मात्रा अधिक होती है:-** जूस में चीनी की मात्रा अधिक होती है। एक गिलास जूस पीने से आपके ब्लड सर्कुलेशन में अचानक से शुगर का लेवल बढ़ सकता है। शरीर इस पर प्रतिक्रिया करता है और शरीर की प्रत्येक कोशिका में शर्करा वितरित करने के लिए इंसुलिन जारी करता है। हालांकि, आपकी ऊर्जा के स्तर में गिरावट हो सकती है, क्योंकि कोशिकाएं इस शर्करा को बहुत जल्द अवशोषित कर लेती हैं और आपको थका हुआ और थका हुआ छोड़ देती हैं। इसके बाद, आपका शरीर फिर से ऊर्जा पाने और काम जारी रखने के लिए अधिक चीनी की चाहत रखता है।

संयोग से, आप इस ऊर्जा घाटे को कम करने के लिए उच्च चीनी वाले खाद्य पदार्थों तक पहुंच सकते हैं। इससे वजन घटाने के आपके सभी प्रयास विफल हो सकते हैं, क्योंकि आप अधिक कैलोरी खा सकते हैं, जो वसा के रूप में जमा हो जाती है।

**प्रोटीन की मात्रा कम होती है:-** फाइबर के अलावा जूस-डाइट में प्रोटीन की मात्रा भी कम होती है। प्रोटीन मांसपेशियों के निर्माण में मदद करते हैं और वजन घटाने के लिए जरूरी होता है। वे स्वस्थ प्रतिरक्षा कोशिकाएं बनाने के लिए भी जिम्मेदार हैं जो संक्रमण और बीमारियों से बचाती हैं। इसलिए, यदि आप केवल जूस-डाइट पर निर्भर हैं, तो कमजोर इम्युनिटी के कारण आप बीमार हो सकते हैं या कमजोर हो सकते हैं।

## अक्षय की मिशन रानीगंज की कमाई में आई रफ्तार

6 अक्टूबर को रिलीज हुई अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज की पहले दिन भले ही शुरुआत सुस्त रही हो, लेकिन दूसरे दिन इस फिल्म ने अच्छी कमाई कर ली है। साथ ही वीकेंड पर फिल्म की कमाई और भी ज्यादा बढ़ सकती है। मिशन रानीगंज ने पहले दिन 2.8 करोड़ का कलेक्शन किया था। अब दूसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन करीब 4.70 करोड़ का कलेक्शन किया है। जिसके बाद टोटल कलेक्शन 7.50 करोड़ हो गया है। आने वाले दिनों में ये देखना होगा कि 55 करोड़ के बजट में बनीं फिल्म मिशन रानीगंज कितना कमाल दिखा पाती है। फिल्म में अक्षय ने रियल लाइफ हीरो जसवंत गिल का किरदार निभाया है।


# कश्मीर पर आधारित संतोष सिवन की पीरियड ड्रामा में मुख्य भूमिका निभाएंगी ब्रेशना खान



रवीना टंडन-स्टारर अरण्यक के अलावा स्ट्रीमिंग शो एस्केप लाइव और द फ्रीलांसर से अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री ब्रेशना खान जल्द ही संतोष सिवन की अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट में दिखाई देंगी। अभिनेत्री ने अपने पहले शेड्यूल की शूटिंग कर ली है। जल्द ही अगले शेड्यूल की शूटिंग शुरू करेंगी। फिल्म एक पीरियड ड्रामा है। इसमें तीन एक्ट हैं, ब्रेशना पहले एक्ट में मुख्य भूमिका निभाएंगी और पूरी फिल्म में उनकी उपस्थिति बनी रहेगी।

फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, यह 500 साल पहले कश्मीर पर आधारित एक पीरियोडिक फिल्म है, जिसका निर्देशन संतोष सिवन ने किया है। कहानी को तीन अंकों में विभाजित किया गया है। मैं पहले एक्ट में एक मुख्य किरदार निभा रही हूं जो पूरी फिल्म में एक मुख्य किरदार बनी रहेगी। अभिनेत्री ब्रेशना खान ने आगे उल्लेख किया, मैंने जो पहले किया है, यह उससे बिल्कुल अलग है, जिस तरह से मुझे संतोष सर ने प्रस्तुत किया है, वह एक सपने के सच होने जैसा है। संतोष सिवन 12 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 4 केरल राज्य फिल्म पुरस्कार और 3 तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार के साथ सबसे प्रसिद्ध भारतीय सिनेमैटोग्राफर में से एक हैं। उन्होंने शाहरुख खान-स्टारर अशोका और हाल ही में विजय सेतुपति-स्टारर मुंबईकर का निर्देशन किया है। उन्होंने मलयालम, तमिल और हिंदी सिनेमा में काम किया है।

# केट शर्मा के ग्लैमर के आगे फेल हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस, कर्वी फिगर देख फैंस भरने लगते हैं आहें



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस का दिल तेजी से धड़कनें लगा है। एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी ग्लैमरस अदाओं का जलवा फैंस के बीच बिखेर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके बोल्ड लुक को देखकर लोग आहें भरने लगते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा की लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगी हैं। इन तस्वीरों में देख सकते हैं केट शर्मा ने व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप और साथ ही ब्लू डेनिम शॉर्ट्स पहना हुआ है। अभिनेत्री अपनी इन तस्वीरों में काफी सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके इस लुक पर से नजरें भी नहीं हटा पा रहे हैं। केट शर्मा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं केट शर्मा कार के पास खड़े होकर हॉट और किलर पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के हर एक पोस्ट का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही ट्रेंड करने लगता है।

## भगवंत केसरी से अर्जुन रामपाल का आकर्षक फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी

अपने कैलेंडर में 19 अक्टूबर, 2023 को चिह्नित करें, क्योंकि नंदमुरी बालकृष्ण अभिनीत बहुप्रतीक्षित भगवंत केसरी एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म दर्शकों के बीच काफी चर्चा बटोर रही है, पहले दो गानों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। आज, प्रशंसकों को अर्जुन रामपाल का फर्स्ट-लुक पोस्टर देखने को मिला, जो इस प्रोडक्शन में अपनी तेलुगु फिल्म की शुरुआत कर रहे हैं। आकर्षक पोस्टर में, राहुल सांघवी की भूमिका निभा रहे अर्जुन रामपाल, काले सूट में सुरुचिपूर्ण ढंग से बैठे हुए, परिष्कृत दिख रहे हैं। यह फिल्म बालकृष्ण और अर्जुन रामपाल के बीच एक महत्वपूर्ण आमना-सामना का प्रतीक है, जिससे प्रत्याशा बढ़ गई है। थमन का संगीत इस एक्शन से भरपूर नाटक के लिए माहौल तैयार करता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# औषधीय पौधों की खेती का सफल प्रयास छत्तीसगढ़ के किसानों में जगी नई आस

## प्रति एकड़ 75 हजार से डेढ़ लाख रूपए तक की आमदनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा महत्वपूर्ण औषधीय पौधे- सैलेशिया, नन्नारी, मिल्क थिसल, पुदीना, यलंग-यलंग, सिट्रोडोरा एवं गुड़मार आदि पौधे का छत्तीसगढ़ में कृषिकरण को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। इन प्रजातियों के कृषिकरण से किसान प्रति एकड़ 75 हजार से डेढ़ लाख रूपए तक की आमदनी प्राप्त कर सकते है।**



इस संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य में औषधीय प्रजातियों का कृषिकरण किए जाने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेती के अतिरिक्त अन्य फसल के वाणिज्यिक कृषिकरण को बढ़ावा देकर स्थानीय कृषकों के आर्थिक लाभ को बढ़ाना एवं कृषिकरण के प्रति उनका मनोबल बढ़ाना है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में औषधि पादप बोर्ड द्वारा किसानों को दी जा रही सहुलियत के फ्लस्वरूप इनकी खेती के लिए भरपूर प्रोत्साहन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 108 एकड़ में प्रायोगिक तौर पर बच की खेती तथा 800 एकड़ से अधिक रकबा में लेमन ग्रास की खेती की जा रही है।

राज्य औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक ने बताया कि छत्तीसगढ़ की जलवायु औषधीय प्रजातियों के लिए बहुत उपयुक्त है। बोर्ड का यह प्रयास है कि किसानों को उपरोक्त प्रजातियों के फायदे एवं कृषिकरण की जानकारी देकर इसके लिए प्रोत्साहित किया जाना। उक्त प्रजातियों के कृषिकरण का प्रयास बोर्ड द्वारा जा चुका है, जो सफल हुआ है। ये औषधीय पौधे कई बीमारियों में उपयोग किये जाने के कारण इनका बाजार मांग अधिक होने के साथ-साथ अत्यधिक मूल्य वाले प्रजातियॉ है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड जे.ए.सी.एस. राव ने जानकारी दी कि इसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना एवं पलायन करने वाले युवाओं को भी बेहतर भविष्य की तरफ ले जाना है। उक्त प्रजातियों के कृषिकरण हेतु नि:शुल्क पौधे एवं मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा दिया जा रहा है एवं बोर्ड द्वारा मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है।

सैलेशिया बहुवर्षीय काष्ठीय लता वाली झाड़ी है इसके जड़ औषधीय महत्व के होते है, जिनका उत्पादन किया जाता है। इसके जड़ का उपयोग मोटापा कम करने व मुख्य रूप से डायबिटिस रोग में किया जाता है। साथ ही इसके तने में भी औषधीय गुण सैलेषिलॉन मैंजीफेरीन पाये जाते है, जिसका बाजार मांग है। इसकी खेती बीज एवं तने के कटिंग से की जाती है। एक एकड़ में रोपण हेतु 3000 पौधे की आवश्यकता होती है। एक एकड़ से सालाना 2.00 लाख रूपये प्राप्त होता है। इसे प्रत्येक 4 वर्षो में संग्रहण किया जाता है।

नन्नारी एक बहुवर्षीय काष्ठीय लता है, जिसके जड़ का उपयोग औषधीय में किया जाता है। इसके जड़ में बिटा-साइक्लोडेस्ट्रीन (वनीला फ्लेवर) पाया जाता है। यह एन्टीआक्सिडेंट से भरपूर होता है। जिसका उपयोग हर्बल हेल्थ ड्रिंक्स में किया जाता है। इसकी बाजार मांग अंतराष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक है। इसके खेती से किसान एक एकड़ से 1.5 साल में 5 से 6 लाख रूपये की आय प्राप्त कर सकते है। जो कि अन्य फसल के ख ेती से प्राप्त नही की जा सकती है। इसकी खेती हेतु रेतीली दोमट मिट्टी उपयुक्त होती है। पौधे से 18-30 माह में जड़ का संग्रहण किया जाता है। एक एकड़ से 2 टन सूखा जड़ प्राप्त होता है। इसका बाजार मूल्य 300 रू. है। एक एकड़ से किसान को 5 से 6 लाख रू. आय प्राप्त होती है।

मिल्क थिसल बहुवर्षीय शाकीय पौधा है। यह एक प्रकार का खरपतवार जैसा है, जो आसानी से फैलता है। यह एक शोध पौधा है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से लीवर रोग में किया जाता है। इस कारण इसका बाजार मांग अत्यधिक है। इसे किसी भी प्रकार के मिट्टी में लगाया जा सकता है। इसके बीज का छिड़काव कर खेती की जाती है। इसके बीज का छिड़काव अक्टूबर माह में किया जाता है। इसके बीज का संग्रहण जुलाई से अगस्त माह में किया जाता है। इस पौधे की यह विशेषता है कि इसे कम पानी एवं किसी भी प्रकार के मिट्टी में लगाया जा सकता है। यह एक रवी फसल है, जो धान के फसल लगाने के पश्चात इस फसल को लगाकर किसान एक एकड़ से लगभग 50 से 60 हजार का मुनाफा प्राप्त कर सकते है।

पुदीना सामान्य शाकीय पौधा है, यह रवी फसल के रूप में अक्टूबर माह में लगाया जाता है, जो 4 से 5 माह में तैयार हो जाता है। इसे खरीफ फसल के बाद वाणिज्य फसल के रूप में छत्तीसगढ़ में 2 वर्षो से सफल कृषिकरण किया जा रहा है। एक एकड़ से लगभग 30 से 50 किलोग्राम तेल प्राप्त किया जाता है। किसान अपने खेत में लगाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते है। यह बहुत ही कम देखभाल वाला पौधा है। इसके तेल की बाजार मांग अच्छी है। पुदीना की खेती से किसान एक एकड़ से 30 से 50 हजार रूपए तक की आय प्राप्त कर सकते है।

खुशबूदार पौधे में यलंग-यलंग, जिसे इत्रों की रानी कहते है। यह तेजी से बढ़ने वाला वृक्ष है। इसके पेटल से खुशबूदार तेल प्राप्त होता है। यह छत्तीसगढ़ के जलवायु में आसानी से उगाया जा सकता है। इसके तेल का उपयोग एंजाटि, उच्च्च रक्तचाप आदि में मुख्य रूप से किया जाता है। तीन वर्ष पश्चात् पौधे से फूल उगने लगते है। इसके तेल की कीमत काफी ज्यादा होती है। ऐसे में पौधे का कृषिकरण करने पर किसानों को कई गुणा लाभ इस फसल से होगा जो अन्य पारंपरिक खेती ज्यादा है।

## रासेयो ने गोदग्राम में चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में नशा निषेध सप्ताह( 02 - 08 अक्टूबर )के अवसर पर नशा मुक्ति जागरूता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के गोदग्राम ग्राम :- रेंगाकठेरा (बखत) में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई तथा दीवारों पर नशा मुक्ति जागरुकता से संबंधित नारे लिखे एवं पेंटिंग बनाया गया।तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. आर.एस. नरवासे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री युवराज साहू भी सम्मिलित हुए। माध्यम से नशे से होने वाली व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में जागरूक किया गया एवं लोगों से अपील किया गया कि वह नशे को छोड़कर भारत को नशा मुक्तबनाने में अपना संपूर्ण योगदान दें।

## खास खबर

### संसदीय सचिव ने हरी झंडी दिखाकर किया मोबाइल मेडिकल यूनिट को रवाना

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत को मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यूनिट को मिलाकर अब शहरी क्षेत्र में तीन मोबाइल यूनिट वार्डों में पंहुचकर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराएगी। नगरपालिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा शहरी स्लम बस्तियों में रहने वाले नागरिकों तक निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरूआत की गई है। शासन द्वारा समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत शहरी स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा चिन्हांकित स्थानों पर पहुंचकर लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जरूरतमंद व्यक्ति तक घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो रही है। साथ ही अब लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए अस्पताल तक जाने, डॉक्टरों की फीस और दवाइयों के खर्च से भी राहत मिल रही है। इसी तारतम्य में महासमुंद शहर के लिए एक और मोबाइल मेडिकल यूनिट की सौगात मिली है। इसे मिलाकर अब तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट की सेवाएं सुलभ हो सकेगी।

### छिन्द रीपा की बेकरी यूनिट लघु उद्योग के रूप में हो रहा विकसित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दूरगामी परिणाम को मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योग की स्थापना के लिए शुरू की किया गया महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का परिकल्पना धरातल पर साकार हो रहा है। सारंगढ़ विकासखंड के छिंद रीपा में दिशा आदर्श स्वसहायता समूह ने बेकरी यूनिट का प्रारंभ अप्रैल 2023 में प्रारंभिक तौर पर शुरू किया है। आधुनिक बेकरी मशीन मई 2023 में प्राप्त होने और स्थापना के बाद से निरंतर बेकरी उत्पादन हो रहा है। इसमें कई प्रकार के बिस्किट, केक, ब्रेड आदि शामिल हैं। दिशा आदर्श स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला रात्रे ने बताया कि इस रीपा यूनिट से 7 लोगों को रोजगार मिला है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 लाख का बेकरी यूनिट मशीन और का कच्चा उत्पाद खरीदी के लिए एक लाख रूपए मिला है। शासन द्वारा दी गई इस राशि का भुगतान समूह को 10 साल में किश्तों में करना है। समूह ने बेकरी के लिए सांचा की खरीदी डेढ़ लाख में की है और आवश्यक पॉलीथीन की खरीदी 75 हजार में की है। उन्होंने बताया कि छिंद के आसपास के गांव सहित दूरदराज क्षेत्रों के व्यापारीगण इस बेकरी यूनिट का उत्पाद खरीद रहे हैं और सारंगढ़ के सारबिला सी-मार्ट में भी उत्पादन को बिक्री के लिए भेजा जाता है।

# साढ़े तीन करोड़ के नहर लाईनिंग कार्य से हजारों किसानों को मिलेगा लाभ, विधायक छन्नी साहू ने किया शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के प्रयास रंग लाए हैं। विधायक छन्नी चंदू साहू ने रविवार को दो महत्वपूर्ण जलाशयों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया है। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के गोंदानाला जलाशय और गुंडरदेही जलाशय के नहर लाईनिंग कार्य का भूमिपूजन किया गया है। इनके नहर लाईनिंग कार्य से क्षेत्र की हजारों एकड़ कृषि भूमि सिंचित होगी जिससे फसलों का उत्पादन मजबूत होगा।**



हजारों किसानों को इस सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा जिसे लेकर क्षेत्र में हर्ष है। इस दौरान मोहला-मानपुर-अंबागढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी भी मौजूद थे।

विधायक छन्नी साहू ने आज क्रमश: गोंदानाला जलाशय और गुंडरदेही जलाशय के नहर लाईनिंग कार्य का शुभारंभ किया है। गोंदानाला के लिए शासन से एक करोड़ 76 लाख 54 हजार और गुंडरदेही जलाशय के लिए एक करोड़ 71 लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्?त हुई है। ग्रामीण किसानों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर कार्य की शुरुआत की। इससे पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक का स्?वागत किया और इस बहुप्रतिक्षित विकास कार्य को मूर्तरुप देने के लिए उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

साढ़े तीन करोड़ के इन नहर लाईनिंग कार्यों का भूमिपूजन करने के बाद विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि ङ्क बरसों से इस इलाके में सिंचित क्षेत्र का रकबा बढ़ाने और इसके समुचित विकास की आवश्?यकता थी। क्षेत्र के किसानों ने इस विषय को हमारे संज्ञान में लाया था। किसानों के उत्थान के लिए समर्पित कांग्रेस सरकार तक हमने इस मांग को पहुंचाया। उच्चस्तरीय प्रयास किए गए। ध्येये था कि यह कार्य करने ही हैं। मैं खुद किसान परिवार से आती हूं इसलिए जानती हूं कि, इन विकास कार्यों के क?या मायने हैं। क्षेत्र के किसानों और हमारे मिलेजुले प्रयासों को आज सफलता मिली है और मेरा सौभाग्य है कि मैं इन कार्यों का शिलान्यास कर रहीं हूं। उन्होंने कहा कि - जल्द से जल्द यह कार्य पूरे किए जाएंगे ताकि अगली फसल से पहले किसानों को कृषि के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इस दौरान मौजूद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कांग्रेस सरकार और विधायक छन्नी साहू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि - हमारे क्षेत्र के किसानों के लिए ये बड़ी सौगात है। इसका श्रेय विधायक को भी मिलना चाहिए। उन्होंने अपने अथक प्रयासों से इन करोड़ों के कार्यों की स्वीकृति दिलाई है। यह बहुप्रतिक्षित मांग थी जो अब पूरी हो चुकी है। इसके सार्थक परिणाम से हजारों किसान लाभान्वित होंगे।

इस दौरान तहसीलदार दिनेश कुमार, जल संसाधन विभाग के ईई आफ्ताब आलम, एसडीओ जीएस लदरे, एसडीओ अजीश मंसूरी, एडीएम जीएस धवड़े, रमेश त्रिपाठी, अवधेश त्रिपाठी, मिर्जानबी बेगम, मो. सरीफ कुरैशी, देव सिंह कंवर, चतुर सिंह, अरूण यादव, सुरेश देशमुख, बिशे साहू, रामकिशोर देवांगन,पार्षद मुकेश सिन्?हा, बसंत मंडावी,इंदिरा बाई उइके,शोभा राम धागेश,खेमचंद शांडिल्य,बालमुकुंद भुआर्य,वहल निषाद, रोहन सहित अन्य मौजूद थे।

### विधायक की प्रशंसा, कहा - आगे भी विकास में सहभागी बनेंगे

छुरिया विकासखंड के ग्राम भोलापुर में भी शनिवार को निर्माण के क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाते हुए विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने हाइस्कूल से मुख्यमार्ग तक 10 लाख के सुगम सड़क, 13 लाख रुपये की लागत से किसान कुटीर और देवांगन समुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने 13 लाख रुपये के सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया।

कहा कि विधायक छन्नी साहू ने हमारे गांव सहित क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता में लिया और हमारे गांव में समस्त मदों से 3 करोड़ से ज्यादा के कार्य बीते चार वर्षों में कराए हैं जो कि अभूतपूर्व है।

## प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान व जिला कार्यकारिणी का परिचय सम्मेलन करा कांग्रेस ने लिया 75 पार का संकल्प



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की कार्यकारिणी जल्द घोषित होने से जिले के कांग्रेसजनो में उत्साह का संचार हुआ है साथ ही प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान एवं जिला पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन से पार्टी की मजबूत संगठनात्मक सामंजस का संदेश भी नजर आया है ।

छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात प्रथम सम्मेलन में प्रदेश पदाधिकारीयों का सम्मान एवं जिला पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन आयोजित कर पार्टी संगठन एवं पदाधिकारीयों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रमाण दिया है और जिले के सभी विधानसभा सहित पार्टी के 75 पार के संकल्प को दोहराया है ।

सम्मेलन के स्वागत उद्बोधन में जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पार्टी का सेवा करने का मौका मिला है साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिले के वरिष्ठ कर्मठ कांग्रेसजनों को प्रदेश पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी है उनका सम्मान करने का एवं जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी के परिचय सम्मेलन के माध्यम से वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन प्राप्त हो अत: यह आयोजन किया गया है।

समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अंतव्यासी निगम धनेश पाटिला जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है वह अपने योजनाओं के कारण भरोसे की सरकार के रूप में स्थापित है और उस भरोसे को बरकरार रखते हुए हमें आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 75 पार के संकल्प के पूरा करने का दायित्व मिला है जिस पर हम सबको खरा उतरना है 5 वर्षीय कार्यकाल में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में जो कार्य हुए हैं वह अपने आप में रोल मॉडल है ।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री लोकसभा राजनांदगांव प्रभारी शाहिद भाई ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में जो कार्य कर रही है उसका परिणाम यह है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने भी छत्तीसगढ़ सरकार को 65 पुरस्कारों से नवाजा है जो कांग्रेस सरकार की बेहतर योजनाओं का ही प्रमाण है सत्ता और संगठन के जबरदस्त सामंजस्य से हम सबको अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर के छ ग की जनता की सेवा करनी है ।

सभा को संबोधित करते हुए खादी ग्रामोद्योग के सदस्य किशन खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी ने आप लोगों को जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करना है और भाजपा के दुष्प्रचार का मजबूत जवाब हम सबको देना है।

# खेलगांव पुरई की तनु ने बनाया रिकार्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स में दर्ज कराया अपना नाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग जिले में खेलगांव के नाम से प्रसिद्ध पुरई में रविवार को एक और रिकार्ड बन गया। तैराकी के लिए अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके पुरई गांव में 9 साल की नन्ही बच्ची तनु श्री कोसरे ने कमाल कर दिया।**



पांच घंटे तक स्वीमिंग कर तनु श्री ने गोल्डन बुक ऑफ रिकाड्र्स में अपना नाम दर्ज कराया है। स्वीमिंग पूरा होने के बाद गोल्डन बुक ऑफरिकाड्र्स के अधिकारियों ने तनु श्री को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

बता दें खेल गांव पुरई में इससे पहले भी तैराकी के कई रिकार्ड बने हैं। इसी साल 9 अप्रैल को 15 वर्षीय चंद्रकला ने तालाब में लगातार 8 घंटे तैरकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह सुबह 5 बजे तालाब में उतरी और लगातार तैरने के बाद दोपहर 1 बजे बाहर आई। इसके बाद उसे वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट दिया गया।

चंद्रकला के पहले पुरई गांव के ही ईश्वर ओझा ने दिसबंर 2021 में लगातार 6 घंटे तक तैराकी कर रिकार्ड बनाया था। इस रिकार्ड को चंद्रकला ने तोड़ दिया। हालांकि तनु श्री यहां की रहने वाली चंद्रकला का रिकार्ड नहीं तोड़ पाई लेकिन 9 साल की उम्र में पांच घंटे तैराकी कर उसने कमाल का जज्बा दिखाया है। तनुश्री से आगे जाकर और भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद बंध गई है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### पैदा होते ही नवजात को झाड़ियों में छोड़ गई मां, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में रविवार को एक नवजात बच्चा झाड़ियों में मिला। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण की नजर पड़ी। इसके बाद ग्रामीण की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल नवजात का अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं पुलिस नवजात के माता पिता की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले के लोरमी थाना क्षेत्र के झझपुरी कला में नवजात बच्चा बिना कपड़ों के लावारिश हालत में मिला। रविवार की सुबह गांव का राम गोपाल साहू बच्चे की रोने की आवाज सुनकर रुका। जहां से रोने की आवाज आ रही थी वहां जाकर देखा तो नवजात बिना कपड़ों के पड़ा हुआ था। तत्काल गोपाल साहू ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नवजात को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस को आशंका है कि किसी ने अवैध संबंध में हुए बच्चे को लोकलाज के डर से मरने के लिए छोड़ दिया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### दुकान का शटर काटकर चोरी, दो शातिर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** हनुमान कुमावत ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कृष्णा नगर रायपुर में रहता है तथा टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत एचपी पेट्रोल पंप के बाजू देवपुरी पवित्रा ग्रेनाईट नामक दुकान का संचालन करता है। 04 अक्टूबर 2023 को रात्रि करीबन 08.00 बजे प्रार्थी अपने दुकान को बंद कर बाहर शटर में ताला लगाकर अपने घर चला गया। 05 अक्टूबर 2023 को सुबह करीबन 09.00 बजे अपने भाई के साथ दुकान गया तो देखा कि दुकान का शटर खुला हुआ था, शटर में लगा ताला कटा हुआ था, दुकान के अंदर जाकर देखा तो कांच का दरवाजा टुटा हुआ था एवं दुकान का समान बिखरा पड़ा हुआ था। प्रार्थी द्वारा दुकान के सामान को चेक करने पर पता चला कि दुकान के अंदर रखा हुआ 20 नग वरमोरा कंपनी का नल नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के दुकान का शटर का ताला कांटकर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 525/23 धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# बिरनपुर में आगजनी करने वाले सभी आरोपी बरी, नहीं मिले गवाह तो कोर्ट ने किया दोषमुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** जिले के के साजा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बिरनपुर में 10 अप्रैल 2023 को हुई आगजनी के मामले में पकड़े गए सभी आठ आरोपियों को जिला कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। आरोपियों के खिलाफकोर्ट को सही गवाह नहीं मिला और संदेह का भी लाभ इन्हें मिल गया। गवाहों के आभाव में कोर्ट ने सभी को दोषमुक्त कर दिया। यही नहीं गलत विवेचना के लिए कोर्ट ने तत्कालीन एसपी इंदिरा कल्याण एलिसेला (आईपीएस), एएसपी पंकज पटेल व एएसआई भानूप्रताप पटेल के खिलाफ जांच करने डीजीपी व दुर्ग आईजी को निर्देश दिए है।

बता दें बिरनपुर में 8 अप्रैल 2023 को भुवनेश्वर साहू पिता ईश्वर साहू की हत्या गांव के नवाब खान समेत अन्य लोगों द्वारा कर दी गई थी। हत्या के विरोध में 10 अप्रैल को विश्व हिंद परिषद, बजरंग दल समेत भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ बंद बुलाया गया था। इसी बंद के दौरान गांव में हजारों की संख्या में लोग एकत्र हो गए थे। गांव के खातून बी के मकान में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा दिया गया। खातून बी का पूरा मकान जलकर राख हो गया था। इसी दिन ही गांव में पिता-पुत्र के शव भी



मिले थे। इधर खातूब बी के मकान में आगजनी के मामले में ग्राम कोटवार प्रकाशदास मानिकपुरी की शिकायत पर पुलिस ने कुल आठ लोगों को आरोपी बनाया था।

इस मामले में पुलिस ने प्रदीप रजक पिता अनुज रजक (21), दिनेश रजक पिता जनक रजक (23), दुर्गेश पिता होरी लाल वर्मा (19), अजय रजक पिता कृष्णा रजत (27) व प्रवीण कुमार साहू पिता काशीराम साहू (27) सभी निवासी ग्राम पेंडरवानी, जिला खैरागढ़, संदीप उर्फ संतोष साहू पिता पारस राम साहू (20) निवासी ग्राम राम्हेपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम, मनीष उर्फ दुर्गश धुर्वे पिता फेरहाराम धुर्वे (21) व शिवा पिता रतन मंडावी (22) निवासी ग्राम चिलगुड़ा, जिला खैरागढ़ को आईपीसी की धारा 147, 148, 149 व 436 के तहत अप्रैल माह में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इसके बाद से ही इस प्रकरण में सुनवाई प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में चल रही थी। इस मामले में कोर्ट में चली सुनवाई के दौरान ग्राम बिरनपुर के कोटवार प्रकाशदास मानिकपुरी ने पहचानने से इंकार कर दिया। इसके अलावा विवेचना में कई प्रकार की लापरवाही भी बरती गई। केवल वीडियो फुटेज, मोबाइल लोकेशन समेत अन्य आधार पर आरोपी बनाया गया। इस मामले में कोर्ट ने 31 पेज में फैसला दिया है। फैसला आने तक सभी अभियुक्त जेल में ही रहे। अब यह सभी इस मामले में दोषमुक्त हो गए हैं।

## दो सगी बहनों से दुष्कर्म, शौच के लिए निकली थीं तभी जंगल में ले जाकर किया दुष्कर्म

**जशपुर (ए)।** जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र में दो सगी बहनों से रेप की वारदात हुई है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिसमें एक नाबालिग आरोपी भी शामिल है। पूरा मामला दोकड़ा चौकी क्षेत्र का है।

रात के वक्त दोनों नाबालिग बहनें घर से बाहर शौच के लिए निकली थीं। इसी दौरान गांव के ही दो लड़के उन्हें झांसा देकर जंगल की तरफ ले गए। इसके बाद युवकों ने दोनों बहनों की आबरू लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दोनों बहनों को बेहोशी की हालत में छोड़कर वहां से भाग निकले। पीड़ित बहनों ने बताया कि डरा-धमकाकर दोनों आरोपियों ने पूरी रात उन्हें अपने साथ रखा। उधर, जब देर रात तक



दोनों बहनें घर नहीं लौटी तो घर वालों ने उनकी तलाश शुरू की। अगली सुबह दोनों नाबालिग बेहोशी की हालत में गांव के ही तालाब के पास पड़ी मिलीं। होश में आने के बाद भी दोनों काफी डरी सहमी थीं। पीड़ित बहनों ने होश में आने के बाद रो-रोकर परिजनों को रात की पूरी आपबीती सुनाई। जिसके बाद परिजन उन्हें फौरन थाने लेकर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई।

### आरोपियों में एक नाबालिग है

पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया है। इनमें एक आरोपी का नाम आयुष टोप्पो है, जबकि दूसरा नाबालिग है। नाबालिग को बाल सुधार गृह में भेजा गया है। पुलिस ने इस केस में पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र से लाखों के सामान पार, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** उप स्वास्थ्य केंद्र नूनदरहा से बैटरी, पंखे, कूलर चोरी करने वाले आरोपी को आज घरघोड़ा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, आरोपी से एक बैटरी और माइक्रोटेक कंपनी का इनवर्टर की जप्ती की गई है। उप स्वास्थ्य केंद्र में चोरी को लेकर 04 अक्टूबर 2023 को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक अमला तिग्गा द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सुबह उप स्वास्थ्य केन्द्र नूनदरहा के दरवाजा को ताला बंद करके अपने ससुराल रायगढ़ गई थी। दूसरे दिन दिनांक 04 अक्टूबर 2023 के सुबह वापस उप स्वास्थ्य केन्द्र गई तो वहां का गेट खुला हुआ था, अंदर जाकर देखी स्वास्थ्य केन्द्र से 01 बैटरी मय इन्वर्टर, 03 नग पंखे, 01 कूलर,



01 बीपी मशीन, 01 वेट मशीन और 03 नग रजिस्टर को कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में उप स्वास्थ्य केन्द्र का ताला तोड कर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया था। प्रार्थीया के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी पर धारा 457,380 भा.द.वि. के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आज मुखबिर सूचना पर संदेही भारत राठिया निवासी नुनदरहा, थाना घरघोड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो दिनांक 03 अक्टूबर 2023 के रात्रि अपहृत मसरूका को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी भारत राठिया पिता मनीराम राठिया उम्र 23 वर्ष सा. नुनदरहा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) के मेमोरंडम कथन पर चोरी संपत्ति एक एक्साईड कंपनी बैटरी तथा एक माइक्रोटेक कंपनी का इन्वर्टर जुमला कीमती 19,500 रूपये जप्त कर बरामद किया गया। आरोपी द्वारा शेष अपहृत संपत्ति को अज्ञात फेरी कबाड़ियों के पास बिक्री कर बिक्री रकम को खाने पीने में खर्च करना बताया गया । आरोपी को घरघोड़ा पुलिस द्वारा विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## रायगढ़ में शराब तस्करी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही के दिए गए दिशा निर्देशों पर आज साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में साइबर सेल और थाना कोतवाली स्टाफ के साथ ज्वाइन्ट टीम तैयार किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में तैनात किये गये मुखबिरों से अवैध शराब के संबंध में जानकारी लिया गया, जिसमें शहर के ढिमरापुर में साहिल खान, जोगीडिपा में बैजनाथ सारथी और केवड़ाबाड़ी के पास अजय गुप्ता और अभिषेक भट्ट नाम के युवक अपने गुमटीनुमा होटल, घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने की सूचना प्राप्त हुआ। तत्काल ज्वांइट रेड पार्टी द्वारा एक के बाद एक स्थानों पर घेराबंदी कर शराब रेड कार्यवाही किया गया जिसमें अवैध शराब के साथ चारों आरोपी पकड़े गए। आरोपियों से कुल 456 पाव देशी मशाला, प्लेन शराब, गोवा अंग्रेजी शराब कुल कीमत 50,100 रुपये का बरामद हुआ जिन्हें अवैध शराब समेत थाना कोतवाली लाया गया। आरोपियों पर थाना कोतवाली रायगढ़ में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की जा रही है।

## नशा करने के लिए पैसे न देने पर ट्रांसपोर्टर से मारपीट, चाकू भी लहराया, युवक गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला में ट्रांसपोर्टर को चाकू दिखाने व मारपीट के बाद उसकी ट्रक में तोड़फोड़ करने वाले बदमाश को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को बदमाश ने ट्रांसपोर्टर के दफ्तर में घुसकर उन्हें धमकाया था। ट्रांसपोर्टर ने बचकर जान बचाई तो इसके बाद उसने खड़ी ट्रक मे तोड़फोड़ कर दी। इस मामले में पीड़ित ने सुपेला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 327, 427 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

बता दें सेक्टर 5 स्ट्रीट न 16 क्वाटर नं 1/डी निवासी रोहित नायक ने बताया कि उसका ट्रांसपोर्ट का ऑफिस वेंकटेश्वर टॉकिज के पास है। 7 अक्टूबर की दोपहर बाद शंकर पारा का रहने वाला हरीश पाल उर्फ विक्की



पहुंचा। वह में उनकी ट्रक क्रमांक CG 07 CJ 6231 को चलाता था। ट्रक शीतला तालाब शिव मंदिर के पास खडी थी। हरीश पाल ऑफिस पहुंचकर गांजा पीने के लिए रुपए देने की मांग करने लगा। मना करने पर गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट की। यही नहीं वह चाकू निकाल कर लहराने लगा। यह देख रोहित नायक वहां जान बचाकर निकाला। इसके बाद उसने ट्रक में तोड़फोड़ कर दी।


इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर सुपेला पुलिस ने घेराबंदी कर हरीश पाल उर्फ विक्की को पकड़ा। आरोपी के पास लोहे का धारदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि हरिश पाल आदतन अपराधी है। आरोपी के विरूद्ध थाना सुपेला में कई अपराध दर्ज है। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, प्रधान आरक्षक प्रहलाद बाजपेयी, आरक्षक नागेश्वर राव का विशेष योगदान रहा।

## दुर्ग के रिटायर्ड अफसर से 50 हजार की ठगी, शातिर ने बिजली बिल अपड़ेट करने का झांसा देकर खाते से उड़ाए रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** बिजली बिल अपडेट व बकाया होने का झांसा देकर दुर्ग के रिटायर्ड अफसर से ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ने बिजली बंद होने पर रिटायर्ड अफसर के मोबाइल पर एक मैसेज भेजा। रिटायर्ड अफसर ने मैसेज में दिए नंबर पर कॉल कर इन्सट्रक्शन फॉलो किए और उसके खाते से 50 हजार रुपए निकाल लिए। रिटायर्ड अफसर को यह समझते देर नहीं लगी कि उसके साथ ठगी हुई है। इस मामले में दुर्ग कोतवाली में शिकायत दर्ज होने के बाद अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ऋषभ नगर दुर्ग निवासी रिटायर्ड अफसर राजेन्द्र प्रसाद जैन ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 27 सितंबर को ऋषभ नगर कालोनी मे बिजली बंद थी।



शाम 4.00 बजे बिजली आई। इससे पहले लगभग 3 बजे उनके मोबाइल नंबर एसएमएस आया। एसएआपके घर का बिजली बंद है बिजली का बिल अपडेट नही हुआ है इस कारण बिजली बंद किया गया है और अपडेट कराना है 6290220061 पर काल करें।

चुंकि बिजली बंद थी तो राजेन्द्र जैन ने मैसेज में दिए नंबर पर काल किया। कॉलर ने राजेन्द्र जैन को 10 रुपए पेमैंट नेट बैकिंग या डेबिट कार्ड से करे तभी बिल अपडेट होगा। उसने 9866452501 नंबर से whatsapp पर App की link भेजी और App डाउनलोड करके पेमेन्ट करने को कहा। उसी अनुसार एक्सिस ATM कार्ड से पेमेन्ट करने को कहा और उनसे App के द्वारा 7001915876 और 7389501222 इन दो नंबरो मे App से OTP शेयर कर लिया। इसके बाद अचानक राजेन्द्र जैन के मोबाईल पर 50,000 रुपए कटने का मैसेज आया। मैसेज आने पर तत्काल एक्सिस बैंक जाकर शिकायत की और ATM ब्लाक करा दिया मेरे एक्सिस बैंक का A/C No 918010071543229 है। उसने मेरे ICCI Bank से पैसे निकालने का प्रयास किया लेकिन OTP न आने से ट्राजेक्शन वापस हो गया। राजेन्द्र जैन ने बताया बताया कि मोबाइल नंबर 6290220061,7001915876 एवं 7389501222 के धारक ने उनसे ठगी की है। इस मामले में दुर्ग पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

खास - खबर



## पूतना अविद्या का स्वरूप है- डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज

**भिलाई।** गहोई वैश्य समाज द्वारा एमपी हाल जुनवानी में चल रही श्रीमद् भागवत की दिव्य कथा को विस्तार देते हुए परम पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के शिष्य रायपुर शंकराचार्य आश्रम की प्रभारी डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज ने बताया कि पूतना अविद्या का स्वरूप है। अविद्या कभी भी भगवान के नेत्रों के सामने रुक नहीं सकतीहै, जिसकी सत्ता विद्यमान न हो उसे अविद्या कहते हैं, अविद्या माया का ही स्वरुप है इसे अनिर्वचनीय कहा जाता है यह सद् और असद् से विलक्षण हैअविद्या (माया) के बिना लीला हो नहीं सकती है अत: है भगवान ने पूतना को देखकर नेत्र बंद कर लिए। भक्तों ने भगवान के नेत्र बंद करने के अनेक भाव निकाले हैं। नेत्र बंद करके मानो भगवान ने शंकर जी का आवाहन किया और कहा कि महाराज आपको प्राण पीने का अभ्यास है, और मुझे दूध पीने का अभ्यास है अत: आप आकर के प्राणों का पान करें और मैं दुग्ध का पान करूंगा ।पूतना के पास दो ही चीज हैं एक प्राण और दूसरा दूध। मारने की नीयत से दूध पिलाने आई पूतना को भी भगवान श्री कृष्ण ने माता की गति दे दी। सुखदेव जी महाराज कहते हैं संसार में भगवान से बढ़कर कौन दयालु होगा। आगे सुधि वक्ता ने भगवान श्री कृष्ण चंद जी की दिव्य बाल लीलाओं की मार्मिक प्रस्तुति करते हुए बताया की लीला के दर्शन, चिंतन, श्रवण करने से संसार की विस्मृति होती है उसे लीला कहते हैं लीला के द्वारा ही ब्रह्म साक्षात्कार होता है और जीव अपने निज स्वरूप को प्राप्त कर लेता। कथा के पूर्व गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष श्री पवन कुमार ददरया एवं अन्य सदस्य गणों ने श्रीमद्भागवत की पोथी का पूजन किया आरती की। सांसद विजय बघेल भी भागवत सुनने पहुंचे और उन्होंने आशीर्वाद लेकर श्रीमद् भागवत सुना।

## बरसात के बाद पुनः शुरू हुआ गड्ढो को सड़कों से मुक्त करने का अभियान

**दुर्ग।** शहर के वरिष्ठ विधायक विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल की पहल पर बरसात के समाप्त होते ही कुल 29 वार्डो में जर्जर सड़को को 505 लाख से गड्ढे मुक्त करने के लिए डामरीकरण के कार्य की पुन: शुरवात बरसात के पहले भी 20 करोड़ से प्रमुख सड़के व पटरी पार सहित 60 वार्डो में यह कार्य किया गया थ वोरा ने कहा भाजपा सरकार के समय लोगो को यातायात में बहुत असुविधा होती थी लगातार वार्डो के दौरे के समय लगातार आमजन द्वारा शिकायत मिलती थी अब अधिकांश सड़को को कांग्रेस सरकार द्वारा करोड़ो रूपये सड़क संधारण में मिलने से दुर्ग के सड़को में बदलाव आया है सुगम महापौर बाकलीवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क निर्माण के समय फील्ड में रहकर गुणवत्तापूर्ण सड़के बनवाये साथ ही जल्द ही कार्यो को पूर्ण करे इस दौरान एम आई सी प्रभारी पार्षद व एल्डरमेन उपस्थित थे।



# फिट भिलाई मूवमेंट के लिए 5000 लोगों ने लगाई विधायक देवेंद्र संग दौड़

### छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के तत्वावधान में दुर्ग जिला ओलम्पिक संघ का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसियेशन के तत्वावधान में दुर्ग जिला ओलम्पिक संघ द्वारा रविवार को शाम 4 बजे से फिट भिलाई मूवमेंट के अंतर्गत 6 किमी की भिलाई मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में विभिन्न खेल संघों, भिलाई, दुर्ग के युवा भिलाई नगर विधायक के साथ दौड़े। लगभग 5000 बालक-बालिका एवं पुरुष- महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

भिलाई मैराथन दौड़ का प्रारंभ इस्पात क्लब सेक्टर-1 (क्रिकेट ग्राउण्ड) से ए मार्केट सेक्टर-1 होते हुए इक्विपमेंट चौक सेक्टर-1 से सेक्टर-2 चौक से सेंट्रल एवेन्यु रोड होते हुये पुलिस पेट्रोल पंप (कोतवाली, सेक्टर-6) से बाएं मुड़कर कलामंदिर से मोन्यूमेंट पार्क होते हुये शहीद गार्डन, सिविक सेंटर में समाप्त हुई। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने मैराथन दौड़ने वाले युवाओं में जोश भरा। युवाओं के साथ विधायक ने बाजी जमकर दौड़ लगाई। जिन्हें देख कर युवाओ ने भी दम भरा। युवाओ का उत्साह इस मैराथन में देखते बन रहा था। इसमें अलग अलग समुख में प्रतियोगिता हुई।

प्रथम समूह सब-जुनियर बालक एवं बालिका आयु 10 वर्ष से 14 वर्ष तक, द्वितीय समूह जुनियर बालक एवं बालिका आयु 15 वर्ष से 18 वर्ष तक, तृतीय समूह यूथ पुरुष एवं महिला आयु 19 वर्ष से 29 वर्ष तक तथा चतुर्थ समूह सीनियर पुरुष एवं महिला में आयु 30 वर्ष से अधिक वर्ग में लोग भी शामिल हुए।

### शहीद पार्क में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

भिलाई मैराथन दौड़ की समाप्ति के पश्चात समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शहीद पार्क, सिविक सेंटर, भिलाई में संध्या 6 बजे से भिलाई नगर के माननीय विधायक देवेन्द्र यादव, महासचिव छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसियेशन एवं अध्यक्ष दुर्ग जिला ओलम्पिक एसोसियेशन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। श्री देवेन्द्र यादव जी द्वारा भिलाई मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले सभी आयु वर्गो के बालक/बालिका एवं पुरुष/महिला वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को नगद पुरुस्कार राशि एवं सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भिलाई नगर के महापौर श्री नीरज पाल, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसियेशन के पदाधिकारीगण दुर्ग जिला महासचिव सुमित पवार एवं विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# इस्पात नगर में हुआ सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन



### ■कर्मा चौक रिसाली का सबसे बेहतरीन चौक में गिना जाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** इस्पात नगर सांई मंदिर के पास क्षेत्र का सबसे सुंदर चौक बनाने रविवार को भूमि पूजन किया गया। कर्मा चौक बनाने महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेंद्र साहू ने पूजा अर्चना की। 10 लाख की राशि खर्च की जाएगी।

इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने नागरिकों को बधाई दी। वही क्षेत्रीय विधायक व गृह मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए जितेंद्र साहू ने कहा कि मंत्री जी ने विकास अधिक करने रिसाली को भिलाई से अलग कर निगम बनाया। 2 वर्ष में उन्होंने हर संभव प्रयास कर विकास कार्य को पूर्ण कराया है। पूरे दुर्ग ग्रामीण विधान सभा में कई कार्य ऐसे हुए है जिसका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिलेगा। कार्यक्रम में सभापति केशव बनछोर, अनूप डे, चन्द्र भान ठाकुर, सनीर साहू, चन्द्र प्रकाश निगम, परमेश्वर , सोनिया देवांगन, पार्षद विलास बोरकर, शीला नारखेड़े, जहीर अब्बास , अनिल देशमुख, डोमन बारले, डा सीमा साहू, एल्डर मेन संध्या वर्मा, संतू दास, मो निजाम , शिशिर साहू, जी राहुल, संगीता सिंह, व साहू समाज, मानिकपुरी समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सामुदायिक भवन बनेगा

वार्ड 29 लक्ष्मी नगर में महापौर ने सामुदायिक भवन बनाने कार्य शुभ आरंभ कराया। उन्होंने पूजा अर्चना कर नीव खुदाई कार्य आरंभ कराया। इसके पहले प्रदेश महामंत्री वार्ड 11 मरोदा सेक्टर एच पाकेट पहुंचे। उन्होंने वहा 3 लाख की लागत से 5 स्थानों में बने हर्ट का लोकार्पण किया। बाद में वार्ड 8 में 4 लाख की लागत से पेवर ब्लाक लगाने का कार्य आरंभ कराया वही वार्ड 2 में मानिकपुरी समाज भवन परिसर में बोर उत्खनन करने भूमि पूजन भी किया।

## संभागीय सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स मीट में जुटे भाजपा के हजारों डिजिटल योद्धा

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के संभागीय सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स मीट कार्यक्रम दुर्ग भिलाई के स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित हुआ। इस वॉलिंटियर्स मीट में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया, अति विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा एवं सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक मितुल कोठारी मंचस्थ रहे। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया ने उपस्थित सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि जल्दी ही चुनावी युद्ध शुरू होने वाला है, जिस प्रकार युद्ध के लिए सभी प्रकार के योद्धाओं की जरूरत होती है उसी प्रकार से डिजिटल योद्धा भी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारतीय जनता पार्टी के डिजिटल योद्धा तैयार हो चुके है।

## शहर के 60 वार्डो में 5.25 करोड़ रुपये की पाइपलाइन के लिए भूमिपूजन किया गया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** अमृत योजना के तहत शहर के 60 के चार जोन के लिए 5.25 करोड़ रुपये से बिछाई जाने वाली पाइपलाइन का भूमि पूजन विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभापति राजेश यादव, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले,पार्षद शेखर चन्द्राकर,पार्षद अजीत वैध, बिजेंद्र भारद्वाज,अजय मिश्रा,राज पाली,संदीप वोरा,जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर के अलावा वार्ड के नागरिको के मौजूदगी में शंकर नगर के स्थित साईं मंदिर के करीब 11:20 बजे किया गया। इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जिस पाइपलाइन का भूमिपूजन किया गया है,उससे 60 वार्डो के चार जोन में 15-15 क्षेत्र एरिया बाट दिया गया है। जिसमे पेयजल की समस्या दूर हो जायेगी. विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा है कि जनसुविधाओं की उपलब्धता के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा।

इसके साथ ही मुख्य पाइपलाइन की एक और पाइपलाइन बिछाकर पेयजल आपूर्ति की जाएगी।इससे गर्मी के मौसम में जल संकट उत्पन्न नहीं होगा. शेष कार्यों में विभिन्न वार्डों के सभी जगहों पर वितरण लाइनें बिछाई जाएंगी।

### जिला अस्पताल परिसर मे की गयी गहन साफ सफाई

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में 8 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर के निर्देशानुसार संपूर्ण अस्पताल परिसर की गहन साफ सफाई करायी गयी। सफाई कर्मचारियों द्वारा अस्पताल के बाहरी परिसर जैसे- पार्किंग एरिया, गार्डन, अस्पताल का फ्रंट एरिया, एमसीएच भवन के सामने का खुला क्षेत्र आदि की साफ सफाई की गयी साथ ही अस्पताल के विभीन्न विभागों में भी विशेष अभियान चलाकर पंखो की सफाई, दिवारो के जाले, फर्नीचर्स/उपकरण की सफाई की गयी। आज के इस अभियान मे कुल 35 सफाई कर्मचारियों में विशेष योगदान दिया एवं प्रतिदिन की साफ सफाई के अलावा, प्रतिमाह 1 दिन विशेष अभियान चलाकर संपूर्ण अस्पताल परिसर की गहन साफ सफाई सतत रुप से किये जाने का निर्णय लिया गया।

## हुडकोवासियों की वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी, सेक्टर 2 में गतका स्पोर्ट्स, खुर्सीपार में तीन जगह हमर क्लिक की सौगात



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। विधायक देवेंद्र द्वारा हर वार्ड में लाखों की लागत से मूलभूत सुविधाओं के लिए सड़क,नाली, पुल, पुलिया, गार्डन, पेवर ब्लॉक, तालाब सौदर्यीकरण, महिलाओं के लिए शौचालय, हर समाज को समाजिक भवन आदि की सौगात दिए। इसी कड़ी में कुछ वार्ड में विधायक श्री यादव ने जनता की मांग पर कई विकास कार्यों की सौगात देने का वादा किया था। उस वादे को पूरा करते हुए विधायक श्री यादव ने रविवार को करीब 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी।

सिर्फ यही नहीं विधायक श्री यादव की पहल से सेक्टर 2 में गतका स्पोर्ट्स बनाया जाएगा। इसके लिए विधायक श्री यादव ने घोषणा की थी और आज भूमिपूजन किया। इसके बाद सेक्टर 6 में ही पावर जिम में डोमशेड का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा खुर्सीपार गोंडवाना समाज वार्ड 51 में भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ विधिवत मंत्रोच्चार करके भूमिपूजन किए। चौधरी मोहल्ला में भी विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया।

विधायक देवेंद्र यादव की पहल सेखुर्सीपार क्षेत्र में हमर क्लीनिक की शुरुआत की जाएगी। वार्ड 39 चंद्रशेखर आजाद नगर डीआईसी मैदान के सामने और वार्ड 48 कैनल रोड जीरो पॉइंट के पास दो जगह पर हमर क्लीनिक की शुरुआत की जाएगी इसके लिए आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विधायक श्री देवेंद्र यादव ने विधिवत वार्ड के सम्मानित नागरिकों के साथ भूमि पूजन किया और हमर क्लीनिक की नींव रखी। इसके साथ ही छावनी दरी तालाब वार्ड 40 में प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण भी किया गया तालाब के समुद्रीकरण के लिए तालाब के चारों ओर रंग बिरंगी लाइट लगाई गई है।

### हुडको में बनेगा नाली और पुलिया

हुडको में आज भूमिपूजन किया। हुडको में वर्षो से नाली और पुलिया के निर्माण की मांग होते रही है। जनता की मांग को पूरा करते हुए विधायक ने यह पहल की। नाली निर्माण किये जाने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। क्योंकि हर बार बारिश के दिनों में बारिश का पानी गलियों में भर जाता है। लोगो का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। भारी बारिश होने पर परेशानी और बढ़ जाती। अब यह सब समस्या नहीं होगी। नाली और पुलिया निर्माण का भूमिपूजन होने के बाद जल्द ही काम भी शुरू किया जायेगा।

### वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों ने सराहा

वार्ड के सम्मानित नागरिकों ने विधायक देवेंद्र यादव की सराहना करते हुए कहा कि युवा विधायक देवेंद्र यादव काफी उर्जावार है। जो अपनी जिम्मेदारियों को बड़ी इमानदारी और निष्ठा से करते है। सामाजिक भवन की सौगात हो या शहर के विकास की बात। विधायक देवेंद्र यादव ने पूरी निष्ठा से शहरवासियों के लिए काम किया है। इसके लिए हम सभी उनका साधूवाद करते है। इनसे मिलकर ऐसा लगता है वे विधायक नहीं हमारा अपना बेटा है। विधायक श्री यादव ने समाज प्रमुख और बड़े बुजुर्गों को प्रमाण किए और कहा कि आप सब का आशीर्वाद और प्रेम ही है जिससे मुझे शक्ति मिलती है। आप सब के आशीर्वाद से ही मैं यहां हूं। आप लोगों को जो प्यार हैं, यही मेरी पूंजी है। हमेंशा यही प्रेम बनाएं रखिएगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### विधायक व महापौर ने ठगड़ा बांध माधो वाटिका में चैतन्य बघेल, क्षितिज चंद्रकार व अतिथियों, आम नागरिकों का किया स्वागत

# खूबसूरती आतिशबाजी के साथ लोगों के लिए खुला ठगड़ा बांध, बेहतरीन रंग बिरंगी रोशनी से हुआ बांध गुलजार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत ठगड़ा बांध माधो वाटिका में पहले ही दिन शाम से जन सैलाब, उमड़ा सेल्फी पॉइंट बना आकर्षक का केंद्र ।विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने अतिथियों के साथ साथ आम नागरिकों का ठगड़ा बांध आने पर स्वागत और अभिनन्दन किया। इस दौरान उन्होंने सभी अतिथियों और नागरिको का आभार व्यक्त किया। 7 अक्टूबर को आम जनता के लिए शुरुवात की गई पहले ही दिन जनसैलाब उमड पड़ी।

सिटी की जनता को दिए गए सौगात के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि ठगड़ा बांध बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनने के साथ ही मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक करने वाले नागरिकों के लिए एक नया आकर्षण केंद्र है। जहां आमजन बोटिंग,चिल्ड्रन पार्क,सॉफ्ट प्ले जोन,फूड कोर्ट एवं उद्यान के साथ ही हर सप्ताह नवीन इवेंट्स का लुफ्त उठा सकेंगे। इस अवसर पर विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,चैतन्य बघेल,क्षितिज चन्द्राकर,कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, आयुक्त लोकेश चंद्रकार,सभापति राजेश यादव व एसपी सलभ कुमार सिन्हा ने नौका में बैठकर भरपूर आनंद उठाया ।विधायक वोरा व महापौर बाकलीवाल ने अपने उद्बोधन के दौरान दाऊ माधव प्रसाद चंद्राकर के योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके परिजनों को सामाजिक सरोकार की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए साधुवाद दिया। ठगड़ा बांध में लाइट और खूबसूरती को देखने शहर के लोग बड़ी संख्या में यहां पहुँचे।

साथ ही शहर के कोने कोने से भी लोग इस खूबसूरती को देखने पहुँचे ।ठगड़ा बांध में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था ।जिसका संचालन उपअभियंता गिरीश दीवान कर रहे थे ।बता दे कि बांध की बाउंड्रीवाल को आकर्षक रंग से रंगने के साथ ही आकर्षक चित्रकारी से सजाया गया है। इसकी खूबसूरती देखते ही बन रही है ।आकर्षक चित्रकारी के साथ ही मूर्तियां भी बनाई गई हैं। यह मूर्तियां लोगों को अलग-अलग संदेश देने वाली तो हैं ही, साथ दिखने में भी काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं।

पिकनिक स्पॉट पर रंगबिरंगी खूबसूरत लाइटिंग के साथ शानदार आतिशबाजी की रंगीनियों से आसमान पर सतरंगी रौशनी बिखरती रही। बांध में भरे पानी पर भी सतरंगी लाइट और आतिशबाजी की रौशनी के नजारे बिखरते रहे ।बच्चों के मनोरंजन का भी ध्यान रखा गया है। निगम प्रशासन द्वारा बांध को आम लोगों के खोल दिया गया है। बांध में पहुँचे लोग जहां देखो मस्ती करते हुए सेल्फी लेते नजर आये। विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि शहरवासियों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए घूमने के साथ साथ लोगों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950